RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



पेज 7 साई पल्लवी के बड़े फैन...

वर्ष : 26 | अंक : 304 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 25 अक्टूबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

## भाजपा नेता की स्कूली बस पर फायरिंग



**गजरौला (एजेंसी)।** गजरौला में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी के पति चौधरी वीरेंद्र सिंह के स्कूल की बस पर नकाबपोश तीन बदमाशों ने फायरिंग की। इसके बाद ईंट भी बरसाईं। घटना से बस में सवार 28 छात्र-छात्रा सहम गए। चालक ने पुलिस और स्कूल प्रबंधन को सूचना देते हुए बस दौड़ा दी।

आरोप है कि बाइक सवार बदमाशों ने बस का पीछा भी किया। सीओ व इंस्पेक्टर ने बच्चों से घटना के बारे में जानकारी ली। मौके पर जाकर भी जांच पड़ताल की। नगर से सटे दरियापुर बुजुर्ग गांव के मार्ग पर एसएसआरएस इंटरनेशनल स्कूल है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह स्कूल के प्रबंधक निदेशक व उनके भतीजे पुनीत सिंह स्कूल के निदेशक हैं।

पुनीत सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव चौकपुरी निवासी मोंटी सैनी स्कूल की मिनी बस पर चालक है। वह स्कूली गाड़ी से नगला माफी, चौकपुरी, लखमिया, हयातपुर आदि गांवों के बच्चों को स्कूल में लाने और गांवों में पहुंचाने का काम करता है। आज सुबह वह बच्चों को लेकर आ रहा था। बस में 28 छात्र-छात्रा सवार थे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दिल्ली शराब घोटाला मामले में अमनदीप ढल्ल को मिली जमानत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में एक और आरोपी को जमानत मिल गई है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने व्यवसायी अमनदीप सिंह ढल्ल को जमानत दे दी। इस मामले की जांच अभी केंद्रीय जांच एजेंसी कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने व्यवसायी अमनदीप सिंह ढल्ल को जमानत देते हुए बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ढल्ल को पहले ही जमानत मिल चुकी है और ट्रायल की शुरुआत होना बाकी है। इस दौरान करीब 300 से ज्यादा गवाहों से पूछताछ की जाएगी। कोर्ट ने ढल्ल को जमानत पर रिहा करने की वजह भी बताई है।

जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि याचिका कर्ता को कस्टडी में रखने से मामले का हल नहीं निकलेगा। कोर्ट ने कहा कि हम गोण-दोष पर अपनी राय दिए बिना, याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करने का आदेश देते हैं। इस मामले में सभी आरोपियों को पहले ही जमानत दी जा चुकी है। कोर्ट ने पहले संजय सिंह, मनीष सिसोदिया और बाद में दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को भी जमानत दे दी थी। इस मामले में जमानत देते हुए बेंच में शामिल जस्टिस उज्जल भुइयां ने ने ढल्ल को केस में सहयोग करने का निर्देश दिया है।



शराब घोटाला मामले में पिछले साल सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। इससे पहले 2022 में ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। इस मामले पिछले कई महीनों से जेल में होने का कारण कोर्ट ने सवाल खड़ा किया और जमानत पर रिहा करने का निर्देश दे दिया। ईडी वाले मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने ढल्ल को पहले ही जमानत दे दी थी।

अमनदीप ढल्ल, परिवार के स्वामित्व वाली शराब बनाने वाली कंपनी ब्रिंडको सेल्स प्राइवेट लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक हैं। ढल्ल दिल्ली शराब बिक्री संघ नाम के व्हाट्सऐप ग्रुप का हिस्सा भी थे। इस व्हाट्सऐप ग्रुप में अबकारी नीति को लागू करने से पहले ही भेज दिया गया था। इसके बाद सीबीआई ने ढल्ल को नई अबकारी नीति का गलत तरीके से फायदा उठाने और आम आदमी पार्टी को रिश्व देने का आरोपी बनाया था। इसके बाद उनको गिरफ्तार करके हिरासत में रखा गया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी ढल्ल को राहत दे दी है।

## हमें सीट नहीं, जीत चाहिए : संजय निषाद



**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा होने के बाद मंत्री डॉ. संजय निषाद और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता को संबोधित किया। कहा कि हम देश व समाज के हित में सीटों की मांग नहीं करेंगे। मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

यूपी सरकार के मंत्री डॉ. संजय निषाद और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता को संबोधित किया। संजय निषाद ने कहा कि हमें एनडीए में सीट नहीं बल्कि जीत चाहिए। निषाद समाज को हक चाहिए। बसपा-सपा ने आरक्षण के मुद्दे को लटकाए रखा। हम देश और समाज के हित में सीटों की दावेदारी नहीं करते हैं।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि संजय निषाद जी अपनी मेहनत के बल पर यहां तक पहुंचे हैं। हम मिलकर लड़ेंगे और विपक्ष को पराजित करेंगे। इंडिया गठबंधन की फटाफट और सफाचट की नीति जनता समझ चुकी है। सपा सरकार में निषाद समाज के लोगों का उत्पीड़न होता था और महिलाओं का बलात्कार होता था।

## कंपनी में चोरी कर रहा था स्टोर इंचार्ज, मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख में इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाने वाली कंपनी के मलिक ने अपने कर्मियों के खिलाफ चोरी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। कंपनी का स्टोर इंचार्ज पूर्व कर्मचारियों के साथ मिलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था।




अमित राज सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी ग्रीन ई मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। इस कंपनी में इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाए जाते हैं। कुछ दिनों पूर्व कंपनी का स्टॉक ऑडिट कराने पर पता चला कि उसमें काफी सामान कम है। कंपनी में हो रही चोरी का पता लगाने के लिए उन्होंने प्रोडक्शन हेड राजेंद्र पटेल को इसकी जिम्मेदारी सौंपी। प्रोडक्शन हेड ने जब जांच पड़ताल की तो पता (शेष पृष्ठ-3 पर)

## अदालती फैसले से डीसीपी सुनीति सिंह को झटका!

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की उपायुक्त सुनीति सिंह के लिए कानपुर देहात जिला एवं सत्र न्यायालय का एक हालिया फैसला मुश्किलें बढ़ाने वाला साबित हुआ है। वर्ष 2022 में कानपुर देहात में पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत रहते हुए सुनीति सिंह के अधीन एक व्यक्ति (बलवंत सिंह) की पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामले में अदालत ने दो पुलिस अधिकारियों को दोषी करार देते हुए 5-5 साल की सजा सुनाई है। इस मामले में न्यायाधीश पूनम सिंह ने आदेश दिया है कि मृतक बलवंत सिंह



के परिवार को दी गई 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की राशि तत्कालीन एसपी सुनीति सिंह और उनके मातहत रहे अन्य अधिकारियों के वेतन से वसूली जाएगी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## प्राधिकरण के भ्रष्ट अफसरों की उलटी गिनती शुरू!

- मोहिंदर सिंह के बाद अब राकेश बहादुर पर भी चला चाबुक
- एमआई बिल्डर्स में खपाई करोड़ों की काली कमाई

**नोएडा (चेतना मंच)।** सत्ता परिवर्तन के करीब 7 वर्षों बाद अब नोएडा में अरबों की लूट-खसोट करने वाले भ्रष्ट अफसरों पर अब गाज गिरनी शुरू हो गई है। महाघोटालेबाज अफसर मोहिंदर सिंह के बाद अब नोएडा-ग्रेटर नोएडा तथा यमुना एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण के चेयरमैन राकेश बहादुर सिंह पर भी आयकर विभाग ने शिकंजा शुरू कर दिया है।



आयकर विभाग की टीम ने ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रींस में रहने वाले राकेश बहादुर सिंह के आवास पर छापा मारकर काफी दस्तावेज बरामद किए हैं। आरोप है कि राकेश बहादुर सिंह ने अपनी काली कमाई एमआई बिल्डर्स में निवेश की थी। एमआई बिल्डर्स के दिल्ली स्थित कई ठिकानों के अलावा ग्रेटर नोएडा स्थित राकेश बहादुर के आवास पर भी आयकर की टीमों ने छापा मारा। जहां पर करोड़ों रूपये की संपत्ति के दस्तावेज बरामद हुए। जांच में पता चला है कि आयकर की टीम को राकेश बहादुर तथा एमआई बिल्डर्स के संचालन कादिर अली के बीच करीब 100 करोड़ के लेन-देन के सबूत हाथ लगे हैं।

बता दें कि राकेश बहादुर सिंह नोएडा में हुए भूमि घोटाले में फंसे थे। उनके खिलाफ सीबीआई ने जांच भी की थी। बाद में (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के डेल्टा-2 सेक्टर में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात व कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना के समय परिजन अपने पैतृक गांव बुलंदशहर गए थे। ग्राम बैलोन जनपद बुलंदशहर निवासी अमित कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने परिवार के साथ डेल्टा-2 सेक्टर में रह रहा है। 18 अक्टूबर की शाम को वह परिजनों के साथ किसी काम से अपने गांव गया हुआ था। 22 अक्टूबर की शाम को जब वह अपने गांव से ग्रेटर नोएडा स्थित अपने मकान पर पहुंचा तो उसे मुख्य द्वार पर लगा ताला टूटा हुआ मिला। वह जब घर के भीतर पहुंचा तो सभी सामान अस्त व्यस्त फैला हुआ और अलमारी के ताले टूटे हुए थे। अमित कुमार के मुताबिक चोर अलमारी से सोने का हार, अंगूठी, कान के कुंडल, सोने की चूड़ियां, पायल व अन्य कीमती (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पीजी से लैपटॉप, नकदी व कीमती सामान चोरी



**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-126 क्षेत्र में स्थित एक पीजी से चोरों ने एक व्यक्ति का लैपटॉप, नगदी व अन्य सामान चोरी कर लिया।

सेक्टर-126 स्थित स्वागतम पीजी में रहने वाले रवेश गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 अक्टूबर की रात्रि को वह अपने ऑफिस से आने के बाद अपने कमरे में लैपटॉप का बैग रखकर सो गया। अगले दिन जब वह सो कर उठा तो उसका लैपटॉप बैग गायब था। उसने कमरे के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल की तो पता चला कि सुबह के समय करीब 5:30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति उसके कमरे में घुसा और बैग चोरी कर वहां से निकल गया। पीड़ित के मुताबिक बैग में उसका लैपटॉप, चार्जर,1500 रुपए, आधार कार्ड आदि रखे हुए थे। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## झपटमारों ने सोने की चेन व मोबाइल लूटा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र में बदमाशों ने झपटमारी की दो वारदातों को अंजाम दिया। बाइक सवार बदमाश एक व्यक्ति के गले से सोने की चेन तथा दूसरे से मोबाइल फोन झपटकर फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर थाना सेक्टर-113 पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सेक्टर-49 अंजनी होम्स निवासी उत्कर्ष भार्गव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी पत्नी पूजा शर्मा के साथ 19 अक्टूबर को सेक्टर-76 के सब्जी मंडी तिराहे के पास कुछ सामान खरीद रहा था। इस दौरान काले (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दो किशोरी, युवती व 10 वर्षीय बालक लापता

**नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थान से दो किशोरी,युवती व एक 10 वर्षीय बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

शांतिकुंज कॉलोनी बिसरख के रहने वाले मोहम्मद यूसुफ (काल्पनिक नाम) ने थाना बिसरख में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी (17 वर्षीय) बेटी 14 अक्टूबर को घर से चली गई। बेटी के लापता होने पर उन्होंने उसकी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। इस दौरान उसकी पत्नी ने बताया कि उनकी बेटी घर से



100000 रुपए की नगदी भी लेकर गई है। उन्होंने औरंगाबाद जनपद बुलंदशहर निवासी मनीष पर अपनी बेटी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का शक जताया है।

थाना सेक्टर-142 के एक गांव के रहने वाले दिनेश (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी (22 वर्षीय) बेटी 15 अक्टूबर की रात (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पानी सप्लायर को पीटा, 4 पर मुकदमा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सोसाइटी में बोतल बंद पानी की सप्लाई को लेकर कुछ लोगों ने पानी की सप्लाई देने आए एक व्यक्ति के साथ मारपीट की। इस संबंध में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। ग्राम शहदरा निवासी तुषार खारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 23 अक्टूबर को उनका ड्राइवर राज यादव पानी की सप्लाई देने के लिए सेक्टर-144 जा रहा था। वह जैसे ही एंबेसी ऑक्सीजन सोसायटी के गेट पर पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद गोलू अमित पुत्र राजेंद्र भाटी ने उनके ड्राइवर राज यादव को पानी की सप्लाई करने से मना किया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## फर्जी नंबर लगी चोरी की बाइक के साथ बदमाश दबोचा

**नोएडा (चेतना मंच)।** चोरी की मोटरसाइकिल पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उसे बेचने की फिराक में घूम रहे एक बदमाश को थाना सूरजपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश के पास से चोरी की बाइक बरामद हुई है।



थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम कस्बा तिराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति चोरी की बाइक लेकर बराही मंदिर की तरफ से कस्बा दादरी की तरफ जाने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने लोटस पार्क सोसाइटी के सामने दादरी रोड पर चेकिंग शुरू कर दी। मुखबिर के इशारे पर कस्बा सूरजपुर की तरफ से बाइक पर आ रहे एक युवक को रुकने का इशारा किया गया। युवक ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन उसे दबोच लिया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम गौरव पुत्र कैलाश निवासी जनपद बुलंदशहर बताया। गौरव ने बताया कि उसके पास से बरामद बाइक चोरी की है। उसने यह बाइक ग्रेटर नोएडा क्षेत्र से चोरी की थी। बाइक चोरी करने के बाद उसने उसकी नंबर (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मिठाई की दुकान पर छापा

### 100 किलो मिलावटी खोया बरामद



**नोएडा (चेतना मंच)।** आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की कार्यवाही सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद इबादुल्लाह एवं विशाल गुप्ता की टीम द्वारा मेन (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दीपावली के पूर्व 40 किसानों को भूखंडों का तोहफा!

### सांसद डॉ. महेश शर्मा 28 को सौपेंगे आवंटन-पत्र, किसानों में खुशी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण ने 40 किसानों को 5 फीसदी भूखंड का आवंटन पत्र सौंपने का ऐलान किया है। 28 अक्टूबर को सांसद डॉ. महेश शर्मा इन किसानों को भूखंडों का आवंटन पत्र सौंपेंगे। प्राधिकरण की इस घोषणा से किसानों में काफी खुशी है।

प्राधिकरण ने 81 गांवों के किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की गई है। इस योजना के तहत वे किसान जिन्होंने अपनी जमीन का पूर्ण मुआवजा प्राप्त कर लिया है, उन्हें एक नया विकल्प दिया जा रहा है। किसानों से 10 प्रतिशत मुआवजा राशि प्राधिकरण के खाते में वापस जमा करवाने के बाद, उन्हें 5 प्रतिशत विकसित भूखंड का मालिकाना हक दिया जाएगा।

प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, इस महत्वपूर्ण पहल को आगे




बढ़ाते हुए आगामी 28 अक्टूबर को शाम 4 बजे नोएडा के इंदिरा गांधी कला केंद्र में एक विशेष समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सांसद डॉ. महेश शर्मा की उपस्थिति में 40 किसानों को 5 प्रतिशत भूखंड के आवंटन पत्र वितरित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इस कदम से न केवल किसानों को लाभ होगा, बल्कि यह क्षेत्र के समग्र विकास में भी सहायक होगा। (शेष पृष्ठ-3 पर)

सत्र 2025-26 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती
ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा




फ़ोन .08750611103

## धान पर संकट

पंजाब में धान की भरपूर पैदावार के बाद किसानों का हैरान-परेशान होना व्यवस्था की विसंगतियों व तंत्र की नाकामी को ही दर्शाता है। राज्य की अनाज मंडियों में धान बहुतायत में पड़ा होना न केवल खरीद एजेंसियों की अक्षमता को दर्शाता है बल्कि केंद्र और राज्य सरकारों में व्यावहारिक तालमेल न होना भी बताता है। जिसके चलते विपणन से जुड़े हितधारक विरोध जता रहे हैं। विडंबना देखिए कि किसान खून-पसीने से उगायी फसल को भी समय पर नहीं बेच पाने से परेशान हैं। किसान धीमी खरीद प्रणाली से चिंतित हैं। वहीं चावल मिल मालिकों की दलील है कि उनके पास अतिरिक्त भंडारण की क्षमता नहीं है। दूसरी ओर धान की खरीद से जुड़े आढ़ती अपने कमीशन को बढ़ाए जाने की मांग कर रहे हैं। निश्चित रूप से ये हालात किसानों को परेशान करते हैं और खरीद प्रणाली में सुधार की जरूरत को बताते हैं। विडंबना है कि यह सारा हंगामा एक ऐसी फसल को लेकर हो रहा है, जिसको उगाने में प्रयुक्त पानी ने राज्य में एक गंभीर जल संकट को जन्म दे दिया है। वजह है धान की फसल की पैदावार बढ़ाने के लिये भूजल का अंधाधुंध दोहन। फलत~ राज्य का एक बड़ा इलाका मरुस्थलीकरण की ओर उन्मुख है। ऐसे में स्वाभाविक सवाल उठता है कि पंजाब आखिर कब तक धान की खेती के जरिये अपने इन अनमोल प्राकृतिक संसाधनों का निर्यात करता रहेगा? इसमें दो राय नहीं है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी पर सुनिश्चित खरीद पंजाब के धान उत्पादकों को केंद्रीय पूल में अधिक अनाज के योगदान के लिये प्रेरित करती रही है। निस्संदेह, हरित क्रांति के बाद देश की खाद्य सुरक्षा शृंखला को मजबूत बनाने में पंजाब का बड़ा योगदान रहा है। जिसके चलते देश खाद्यान्न संकट व कुपोषण के अभिशाप से किसी हद तक मुक्त हो सका है। जबकि एक हकीकत यह भी है कि यह फसल पंजाब का मुख्य भोजन नहीं रही है। निश्चित तौर पर केंद्र व राज्य सरकार को तालमेल बनाकर इस संकट के समाधान की दिशा में गंभीर प्रयास करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में लबालब भरे अन्न भंडार राज्य की अपेक्षाओं और केंद्र की आवश्यकताओं के बीच तालमेल के अभाव को दर्शाते हैं। विडंबना देखिये, इसी धान के उत्पादन का एक प्रतिप्रभाव यह भी है कि पंजाब के हिस्से में प्रदूषण बढ़ाने वाला पराली दहन का आक्षेप आता है। जिसे उत्तर क्षेत्र में अक्तूबर-नवंबर में बढ़ने वाले वायु प्रदूषण का प्रमुख घटक बताया जाता रहा है। जबकि हकीकत यह है कि एक तो किसानों को पराली निस्तारण का कारगर विकल्प केंद्र व राज्य सरकारें नहीं दे पायी हैं। वहीं दूसरी ओर किसानों के पास रबी की फसलों की बुआई के लिये अधिक समय नहीं बचा होता। जिसके चलते उनको पराली जलाने के अलावा दूसरा कारगर विकल्प नजर नहीं आता। बहरहाल, इस चौतरफा संकट के बीच यह स्पष्ट हो गया है कि पंजाब में धान की खेती की समाप्ति के लिए चरणबद्ध तरीके से बहुप्रचारित फसल विविधीकरण योजना को अविलंब लागू किया जाना चाहिए। इस योजना के क्रियान्वयन में देरी कई तरह के संकटों को बढ़ावा ही देगी। यह एक हकीकत है कि लंबे समय तक किसानों का धान की ही खेती करना, राज्य के लिये घातक ही साबित होगा। ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के साल भर चले आंदोलन से कोई सबक नहीं सीखा। हालिया घटनाक्रम से किसानों की वह आशंका बलवती हो रही है कि केंद्र सरकार लंबे समय तक धान की खरीद को जारी नहीं रखना चाहती। दरअसल, कुछ चुनिंदा फसलों के लिये ऊंची एमएसपी की घोषणा अन्य फसलों के उत्पादन के लिये किसानों को प्रेरित करने हेतु पर्याप्त नहीं है। जितनी जल्दी हो सके, केंद्र सरकार को मक्का और दाल जैसी फसलों की एमएसपी पर खरीद के लिये एक मजबूत व्यवस्था बनानी होगी। ऐसे में धान की खेती के लिये किसानों को हतोत्साहित करने से जमीनी स्तर पर बड़ा बदलाव आ सकता है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि नारद मुनि की वाणी सुनकर और उसको हृदय में सत्य जानकर पति-पत्नी ( हिमवान्? और मैना ) को दुःख हुआ और पार्वतीजी प्रसन्न हुईं। नारदजी ने भी इस रहस्य को नहीं जाना, क्योंकि सबकी बाहरी दशा एक सी होने पर भी भीतरी समझ भिन्न-भिन्न थी॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सकल सखीं गिरिजा गिरि मैना। पुलक सरीर भरे जल नैना॥**
**होइ न मृषा देवरिषि भाषा। उमा सो बचनु हृदयँ धरि राखा॥**

सारी सखियाँ, पार्वती, पर्वतराज हिमवान और मैना सभी के शरीर पुलकित थे और सभी के नेत्रों में जल भरा था। देवर्षि के वचन असत्य नहीं हो सकते, (यह विचारकर) पार्वती ने उन वचनों को हृदय में धारण कर लिया॥

**उपजेउ सिव पद कमल सनेहू। मिलन कठिन मन भा संदेहू॥**
**जानि कुअवसरु प्रीति दुराई। सखी उछँग बैठी पुनि जाई॥**

उन्हें शिवजी के चरण कमलों में स्नेह उत्पन्न हो आया, परन्तु मन में यह संदेह हुआ कि उनका मिलना कठिन है। अवसर ठीक न जानकर उमा ने अपने प्रेम को छिपा लिया और फिर वे सखी की गोद में जाकर बैठ गईं॥

**झूठि न होइ देवरिषि बानी। सोचहिं दंपति सखीं सयानी॥**
**उर धरि धीर कहइ गिरिराऊ। कहहु नाथ का करिअ उपाऊ॥**

देवर्षि की वाणी झूठी न होगी, यह विचार कर हिमवान, मैना और सारी चतुर सखियाँ चिन्ता करने लगीं। फिर हृदय में धीरज धरकर पर्वतराज ने कहा- हे नाथ! कहिए, अब क्या उपाय किया जाए?॥


(क्रमशः..)

# आखिर क्यों झुकता दिख रहा चीन

लद्दाख सीमा पर गश्ती को लेकर भारत और चीन के बीच सहमति बन तो गई है, लेकिन उस पर आंख मूंदकर भरोसा करना जल्दबाजी और नासमझी होगी। अतीत में चीन के रवैये को देखते हुए भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी का यह कहना समीचीन ही है कि भरोसा बहाली में समय लगेगा। रूस-यूक्रेन और इजराइल-हिजबुल्ला संघर्ष के संदर्भ में भारत और चीन के बीच हुए इस समझौते को बेहतर परिणति ही माना जाना चाहिए।

15 और 16 जून 2020 की रात को बिना हथियारों के भारतीय सैनिकों ने लाल सेना के भले ही दांत खट्टे कर दिए, लेकिन भारतीय विपक्षी दलों ने उस मौके को उत्तेजना की राजनीति के लिए बेहतर मौके के रूप में लिया था। महज एक साल पहले ही तमिलनाडु में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ प्रधानमंत्री मोदी की चर्चित मुलाकात का हवाला देते हुए विपक्षी दलों ने मोदी सरकार पर दबाव बढ़ाने की कोशिश की थी। उनकी मंशा चीन के साथ सीधा युद्ध करने के लिए सरकार को उकसाना रहा। बेशक 1962 जैसी स्थिति नहीं रही। तब से लेकर भारत ने सैनिक और आर्थिक मोर्चे पर लंबा सफर तय कर लिया है। वहीं चीन इस अवधि में दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आर्थिक मोर्चे के लिहाज से देखें तो भारत पांचवें नंबर पर है और सैनिक ताकत के लिहाज से देखें तो चौथे नंबर है। चीन दुनिया के तीसरे नंबर की सैन्य शक्ति है। ऐसे में सीधी सैनिक कार्रवाई की अपनी सीमाएं थीं। इसलिए विपक्षी दलों के तमाम उलाहनों और उकसावों के बावजूद मोदी सरकार ने कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर चीन को घेरना शुरू किया। इसका मतलब यह नहीं कि सीमा पर सैन्य चौकसी कम की गई या सेना को कार्रवाई की छूट नहीं दी गई। गलवान के बाद जब भी जरूरत पड़ी, आधुनिक हथियार विहीन हमारे सैनिकों ने लाल सेना को आगे बढ़ने नहीं दिया।

गलवान कांड के बाद भारत ने चीन के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए। उसमें सबसे पहला कदम यह रहा कि चीन के लिए सीधी उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। गलवान कांड के बाद से ही पड़ोसी होने के बावजूद दोनों देशों के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं है। इस बीच चीन को आर्थिक मंदी का भी सामना करना पड़ा है। चीन को लगता है कि अगर भारत के साथ उसके कारोबारी रिश्ते बढ़ेंगे, तभी वह आर्थिक मोर्चे पर आगे रह सकता है। इसके लिए सीधी उड़ानें एक बड़ा जरिया हो सकती हैं। इसलिए सीमा पर विवाद के बावजूद वह भारत पर गाहे-बगाहे सीधी उड़ान सेवा बहाल करने के लिए कहता रहा है। वह यात्रियों के लिए सीधी उड़ान के साथ ही उनकी संख्या बढ़ाने पर भी जोर



**गलवान कांड के बाद भारत ने चीन के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए। उसमें सबसे पहला कदम यह रहा कि चीन के लिए सीधी उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। गलवान कांड के बाद से ही पड़ोसी होने के बावजूद दोनों देशों के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं है।**

देता रहा है। लेकिन भारत ने इसकी लगातार उपेक्षा की। भारत ने एक और कड़ा कदम उठाया। चीन के लिए सख्त वीजा नियम लागू कर दिए। चीनी नागरिकों के लिए सख्त वीजा नियम होने की वजह से चीन के विशेष इंजीनियरों और तकनीशियनों की भारत में आवाजाही पर एक तरह से पाबंदी ही लग गई। इसकी वजह से चीनी आर्थिक गतिविधियों में कमी आई। इसके साथ ही भारत ने चीनी कंपनियों के निवेश पर भी कठोर नियम लागू कर दिए। गलवान कांड के तुरंत बाद भारत सरकार ने पड़ोसी देशों की कंपनियों के भारतीय निवेश की जांच प्रक्रिया में पुनरीक्षण और सुरक्षा मंजूरी की एक अतिरिक्त शर्त जोड़ दी। एक तरह से पड़ोसी देशों की कंपनियों के लिए नियम सख्त कर दिए गए। इसका सबसे ज्यादा असर चीनी कंपनियों पर पड़ा। इसकी वजह से भारतीय बाजार में चीनी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले अधिग्रहण और निवेश पर लगाम लग गई। इसकी वजह से गलवान कांड के बाद से ही चीनी कंपनियों द्वारा प्रस्तावित अरबों डालर के निवेश की प्रक्रिया अटक गई। जिसका सीधा असर चीन की कंपनियों पर पड़ा और उन्हें आर्थिक दिक्कतें झेलनी पडीं।

गलवान कांड के बाद भारत ने जो बड़ा कदम उठाया था, उसकी बड़ी चर्चा हुई थी। चीन की मोबाइल कंपनियों और एप्स की भारत में गलवान कांड के बाद बड़ी पहुंच बन गई थी। गलवान कांड के तुरंत बाद भारत ने डाटा और गोपनीयता की शर्तों के उल्लंघन का हवाला देते हुए चीन करीब 300 चीनी मोबाइल एप्स पर पाबंदी लगा दी थी। इसके बाद साल 2023 में मोदी सरकार ने चीन की स्मार्टफोन कंपनी विवो कम्युनिकेशन टेक्नॉलॉजी पर वीजा नियमों का उल्लंघन करने और 13 अरब डॉलर की धनराशि की हेराफेरी का आरोप लगाया था। जिसकी वजह से विवो के भारतीय बाजार पर बड़ा असर पड़ा। इसके साथ ही सरकार ने चीन की दूसरी बड़ी मोबाइल उत्पादक कंपनी शाओमी के खिलाफ कार्रवाई की। शाओमी पर आरोप लगा कि उसने विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून का उल्लंघन किया है। जांच में यह सही पाया गया और सरकार ने कार्रवाई करते हुए उसकी भारत स्थित करीब 60 करोड़ डॉलर से अधिक की संपत्तियों को जब्त कर लिया। इससे चीन के मोबाइल कारोबार को भारत में बड़ा झटका लगा।

वैसे चीन को यहां तक लाने में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई बातचीत की बड़ी भूमिका रही है। चीनी विदेश मंत्री चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के वरिष्ठ सदस्य हैं। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक, वांग यी का मानना है कि संघर्षशील दुनिया के बीच दो प्राचीन पूर्वी सभ्यताओं और उभरते विकासशील देशों के रूप में चीन और भारत को अपनी स्वतंत्रता पर मजबूती से खड़ा रहना, लेकिन दोनों के बीच एकता और सहयोग भी होना चाहिए। वांग यी ने ही चीन को यह सुझाव दिया कि दोनों पड़ोसी देशों को एक-दूसरे को नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए। माना जा रहा है कि भारत और चीन के बीच करीब तीन चौथाई समस्याओं को खत्म कराने में रूसी राष्ट्रपति ब्लादीमीर पुतिन का भी योगदान है। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस, चीन के काफी करीब आया है। हालांकि उसने एक बात जरूर की है कि उसने भारत-चीन के रिश्तों में आई खटास के मद्देनजर कभी-भी चीन का साथ नहीं दिया, बल्कि भारत से अपनी पुरानी दोस्ती को बनाए रखा।

**-उमेश चतुर्वेदी**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं )**

## दस्तावेज लीक प्रकरण: इजरायल का अगला कदम क्या होगा

एक अक्टूबर को ईरान की तरफ से इजरायल पर 150 से भी ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलों से हमले किए जाने के बाद से ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि इजरायली सेना (आईडीएफ) इसका बदला शीघ्र लेगी? गौरतलब है कि ईरान के मिसाइल हमलों के तुरंत बाद ही आईडीएफ और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा भी था कि ईरान को सही समय पर सही तरीके से जवाब दिया जाएगा और हाल के दिनों में इजरायल से जुड़ी मीडिया की कुछ खबरों से ये संकेत भी मिलने लगे थे कि इजरायल ने ईरान पर प्रतिशोधात्मक कार्रवाई करने की तैयारी पूरी कर ली है। 14-15 अक्तूबर को इससे संबद्ध आई खबरों के मुताबिक इजरायली सेना ने कथित तौर पर ईरान के उन ठिकानों की सूची भी तैयार कर ली थी, जिन पर वह तेहरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमलों के जवाब में हमले करना चाहता था। फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट में यह दावा चैनल 12 न्यूज के हवाले से किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार इजरायली सेना ने ईरान पर हमले की अपनी तैयारियों के बारे में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योव गैलेंट को लक्ष्यों की एक सूची सौंपी थी। साथ ही उसने यह स्वीकार भी किया था कि आईडीएफ के लक्ष्य बिल्कुल साफ एवं स्पष्ट हैं और अब वह कभी भी जवाबी हमला कर सकता है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि इजरायल ने ईरान पर हमले की योजना के बारे में अपने सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी अमेरिका को भी बता दिया है, लेकिन अमेरिका को हमले के विशिष्ट लक्ष्यों पर कोई अपडेट नहीं दिया है। रिपोर्ट में इसकी वजह ये बताई गई थी कि यह मुद्दा बेहद संवेदनशील होने के कारण इजरायल अंतिम समय में भी अपना लक्ष्य बदल सकता है। इस मामले में आई ताजा खबरों के अनुसार इजरायल ईरानी परमाणु तथा ऊर्जा स्थलों पर हमले करने से बचेगा। ऐसा माना जाता है कि इजरायल ने अमेरिकी विरोध के बाद अपनी योजना बदल दी, अन्यथा पहले उसकी मंशा तेहरान में परमाणु साइट तथा ऊर्जा स्थलों और बुनियादी ढांचों पर हमला करने की थी। हालांकि इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से यह कहा गया है कि वे अमेरिका की सलाह तो सुनेंगे, लेकिन अंतिम निर्णय स्वयं करेंगे। इन सारी बातों को लेकर अभी दुनिया भर में ऊहापोह की स्थित कायम थी। मीडिया कर्मियों, राजनीतिक विश्लेषकों, रक्षा विशेषज्ञों एवं मध्य-पूर्व से जुड़े मुद्दों पर राय रखने वाले तमाम विशेषज्ञों द्वारा तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे और तभी अचानक इजरायल की ईरान पर हमले की उस योजना से जुड़ा दस्तावेज लीक हो गया, जिसके बाद दुनिया भर में इजरायल की बड़ी फजीहत हुई।

गौरतलब है कि लीक हुए दस्तावेज 15 एवं 16 अक्तूबर की तारीख वाले हैं, जिन पर टॉप सीक्रेट की मुहर लगी हुई है। खबरों के अनुसार 18 अक्तूबर को मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के मिडिल ईस्ट स्पेक्टेटर नामक अकाउंट पर इन्हें शेयर किया गया था। हालांकि इन दस्तावेजों के लीक होने के बाद शुरूआती दौर में ऐसा लगा था कि यह सारा मामला फर्जी पर है, परंतु इसी बीच एक अमेरिकी अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस को दस्तावेजों की प्रामाणिकता की पुष्टि कर दी। फिर जब यह खबर आई कि अमेरिका इजराइल की ईरान पर हमले की योजनाओं से संबंधित बेहद गोपनीय जानकारी के लीक की जांच कर रहा है, तो शीघ्र ही मामला बिल्कुल साफ हो गया। वहीं, एक अमेरिकी अधिकारी ने सीएनएन को बताया कि यह लीक गंभीर चिंता का विषय है। सचमुच, यह बेहद गंभीर मामला है, क्योंकि इन दस्तावेजों में इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ हमले किए जाने को लेकर इजरायली सेना तथा खुफिया विभाग से जुड़ी तमाम महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल हैं। इनमें से कथित रूप से राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी वाला दस्तावेज यह बताता है कि इजराइल हथियारों को एक जगह से दूसरी जगह पर ले जा रहा है, जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी से संबंधित कथित दस्तावेज में इजराइली वायु सेना द्वारा किए जा रहे अभ्यासों का विवरण मौजूद है, जिसमें सतह पर मार करने वाली मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए बताया गया है।



मामले की संवेदनशीलता को इस बात से भी समझा जा सकता है कि लीक हुए दस्तावेजों में से एक में यह भी संकेत दिया गया है कि इजरायल के पास परमाणु हथियार मौजूद हैं। गौरतलब है कि इजरायल स्वयं इसे आज तक सार्वजनिक रूप से पुष्टि करने से हमेशा बचता रहा है। इनके अतिरिक्त इन दस्तावेजों में यह भी बताया गया है कि अमेरिका को इस प्रकार का कोई संकेत नहीं मिला है कि इजरायल ईरान के विरूद्ध परमाणु हथियारों का उपयोग करने की योजना बना रहा है या नहीं। आश्चर्य होता है कि इतने संवेदनशील दस्तावेज आखिर लीक कैसे हो गए, जिनकी पहुंच फाइव आइज खुफिया गठबंधन तक ही सीमित थी। बता दें कि इस खुफिया गठबंधन में अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इस लीक प्रकरण के बाद इजरायल और अमेरिका के संबंधों में खटास आ सकती है। वैसे यह तो सभी को पता ही है कि इजरायल और अमेरिका अच्छे दोस्त रहे हैं। अमेरिका इजरायल को संकट के समय मदद करने वाला एक विश्वासी सहयोगी के रूप में जाना जाता रहा है, लेकिन देखा जाए तो हाल के दिनों में इजरायल और अमेरिका के संबंधों में थोड़ी दूरियां महसूस की जाती रही हैं।

गौरतलब है कि कुछ सप्ताह पूर्व अमेरिका द्वारा इजरायल को गाजापट्टी में सीज-फायर के दिए गए प्रस्ताव को इजरायली प्रधानमंत्री ने सिरे से खारिज करते हुए अपने हमले को न केवल जारी रखा था, बल्कि हमास के खात्मे तक हमले जारी रखने के अपने संकल्प को दोहराया भी था। बिल्कुल वैसे ही ईरान के मिसाइल हमले के जवाब में प्रस्तावित इजरायली हमले के संदर्भ में इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि वे अमेरिका की सलाह तो सुनेंगे, लेकिन अंतिम निर्णय स्वयं करेंगे। इजरायली प्रधानमंत्री के ये बयान यह बताने के लिए काफी हैं कि अमेरिका और इजरायल के बीच में दूरियां बढ़ी हैं और इस बार इजरायली सेना और खुफिया विभाग से जुड़े बेहद संवेदनशील दस्तावेजों के लीक हो जाने के बाद संभव है कि ये दूरियां और बढ़ जाएं। बता दें कि यह लीक प्रकरण ऐसे महत्वपूर्ण समय पर आया है, जब अमेरिका इजरायल से हमास नेता याह्या सिनवार की मौत का लाभ उठाने की बात तो कह ही रहा है, साथ ही वह गाजा में युद्धविराम पर एक बार फिर इजरायल से विचार करने का आग्रह भी कर रहा है। इसे अन्य प्रकार से कहा जाए तो यह लीक अमेरिका और इजरायल के संबंधों के बेहद नाजुक दौर में हुआ है, जो कि इजरायल को बेहद नाराज करने वाला है।

अब इजरायल की समस्या यह है कि आखिर वह भरोसा किस पर करे... किसके भरोसे चारों तरफ से घेरे बैठे शत्रुओं का सामना करे। मध्य-पूर्व एशिया के लिए अमेरिका में पूर्व डिप्टी असिस्टेंट डिफेंस सेक्रेटरी के पद पर कार्य कर चुके तथा सेवानिवृत सीआईए अधिकारी मिक मुलरोय के अनुसार इस लीक ने इजरायल की सुरक्षा स्थित किो और जटिल बना दिया है और इससे क्षेत्र में तनाव बढ़ सकता है। सेवानिवृत सीआईए अधिकारी मिक ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा- यदि यह सच है कि ईरान के हमले के जवाब में इजराइल की रणनीतिक योजनाएं लीक हुई हैं, तो यह एक गंभीर चूक है। बहरहाल, इस लीक प्रकरण के बाद अब सारा दारोमदार इजरायल के कंधे पर है। इसलिए सबकी निगाहें उसके अगले कदम पर टिकी हैं। जाहिर है कि उसकी अगली चालों से ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि भविष्य में अमेरिका और इजरायल के बीच के संबंध कैसे रहने वाले हैं और साथ ही यह भी मालूम हो पाएगा कि इजरायल अपनी सुरक्षा स्थित किो और जटिल होने से बचा पाएगा अथवा अमेरिकी मोहरा बनकर उसके ईशारों पर नाचता रहेगा।

**-चेतनादित्य आलोक**

## राशिफल

**कार्तिक कृष्ण पक्ष : नवमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
विलासिता संबंधी वस्तुओं में बढ़ोतरी होगी। घर में कुछ उत्सव संभव है लेकिन कलहकारी सृष्टि का भी सृजन होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
परिश्रम के द्वारा व्यवसाय को बढ़ोतरी की तरफ ले जाएंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
धन का आवक बढ़ेगा लेकिन धन हानि के संकेत हैं इसलिए निवेश से बचिएगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
ओजस्वी-तेजस्वी बने रहेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। जरूरत के हिसाब से जीवन में वस्तुएं उपलब्ध होंगी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
अनाप-शनाप खर्चे से बचें। अज्ञात भय सताएगा। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम, प्रेम-संतान मध्यम व व्यापार लगभग ठीक रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आय के अद्भुत सोर्स दिख रहे हैं, पुराने सोर्स से भी पैसे आ रहे हैं। नए सोर्स भी बन रहे हैं। यात्रा का योग बनेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी लेकिन अथक परिश्रम करना पड़ेगा। पिता से धन लाभ होगा। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्यवान बने रहेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य बढ़िया। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार बहुत अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
शत्रु सामने पड़ने की हिम्मत नहीं करेंगे। खुद नतमस्तक होंगे। गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
लिखने-पढ़ने में समयय व्यतीत करें। विद्यार्थियों को कुछ सीखना है, प्रारंभ करना है तो कर लें, शुभ समय है।

# दिल्ली में बदल सकती है दफ्तरों की टाइमिंग

## प्रदूषण को लेकर डीडीएमए की बैठक में कई फैसले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर डीडीएमए की बैठक में कई निर्णय लिए गए। बैठक के बाद दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि प्रदूषण पर काबू पाने के लिए दिल्ली के सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव किया जा सकता है।

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अध्यक्षता में डीडीएमए की बैठक हुई। गुरुवार को हुई इस बैठक में निर्णय लिया गया कि धूल हटाने के काम को मिशन मोड पर किया जाएगा। प्रदूषण विरोधी उपायों के कार्यान्वयन में लगी एजेंसियों को इसके कारणों को दूर करने पर फोकस करना होगा। बैठक के बाद दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि प्रदूषण पर काबू पाने के लिए दिल्ली के सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव किया जा सकता है।



गोपाल राय एक बयान में कहा कि सड़कों पर एक ही समय में वाहनों की संख्या कम करने के लिए दिल्ली में केंद्र और राज्य सरकार के कार्यालयों के समय में बदलाव पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने उपराज्यपाल से दिल्ली में पायलट आधार पर कृत्रिम बारिश कराने की संभावना पर केंद्र सरकार के साथ चर्चा करने का अनुरोध किया है। एलजी ने इसका आश्वासन दिया है। मंत्री ने कहा कि पड़ोसी राज्यों से आने वाली डीजल बसों को शहर में प्रवेश करने से रोकने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अध्यक्षता में दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की बैठक में मुख्यमंत्री आतिशी, मुख्य सचिव धर्मेंद्र और अन्य शीर्ष अधिकारी भी शामिल हुए। राज निवास के अधिकारियों ने कहा कि डीडीएमए की बैठक में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए विभिन्न कदमों को लागू करने के लिए चार महीने के लिए हटाए गए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को तैनात करने का भी निर्णय लिया गया।

एलजी ने बताया कि पिछले पखवाड़े के दौरान एमसीडी और डीडीए ने मिशन मोड में क्रमशः 15,000 मीट्रिक टन और 8000 मीट्रिक टन धूल का निपटान किया। एलजी कार्यालय के अधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री और पर्यावरण मंत्री ने स्वीकार किया कि इस अभियान से स्थिति को काफी हद तक बचाने में मदद मिली है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी और पर्यावरण विभाग के अधिकारियों को मिशन मोड में इसी तरह के अभ्यास करने का निर्देश दिया है। एमआरएस ट्रकों द्वारा सड़कों की सफाई के साथ-साथ धुलाई के अलावा ऊंची इमारतों पर घूमने वाली स्मॉग गन लगाने का काम भी शुरू कर दिया गया है।

# संजीव शर्मा को दी बधाई



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के नेता रवि पंडित ने गाजियाबाद विधानसभा सीट से संजीव शर्मा को भाजपा द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि संजीव शर्मा की ऐतिहासिक जीत होने जा रही है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता संजीव शर्मा को विजय श्री दिलाने के लिए कृत संकल्पित है।

# धरने की दी चेतावनी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतमबुद्धनगर के द्वारा पुरानी पेंशन हेतु शिक्षकों की पात्रता सूची सचिव परिषद को प्रेषित नहीं की है। जबकि शासनादेश के अनुसार जिनकी अधिसूचना,ज्ञापन या नियुक्ति 28 मार्च 2005 से पूर्व की है ऐसे शिक्षक /कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित किया जाएगा। पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करने हेतु कार्यवाही के लिए दो प्रतियों में विकल्प पत्र की फाइल माँगी गयी थी।

बीटीसी 2001, बीटीसी 2004, उर्दू बीटीसी 2005 एवं विशिष्ट बीटीसी2004 के सभी संबंधित अध्यापक/अध्यापिकाओं ने दो प्रतियों में विकलपत्र की फाइल समयनुसार कार्यालय में जमा कर दी गयी थी।

जमा विकल्प पत्र की सूचना सूची सहित अंतिम तिथि 31.10.2024 तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से कार्यालय सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज जानी थी लेकिन बड़े दुर्भाग्य की बात है कि अभी तक फाइल /सूची नहीं भेजी गयी है।

पुरानी पेंशन योजना के लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ 15 वर्षों से लगातार संघर्ष करता आ रहा है। पुरानी पेंशन योजना की सूची को संबंधित कार्यालय के लिए समय से प्रेषित नहीं करना शिक्षकों के साथ अन्याय है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के माण्डलिक संघटन प्रभारी मेघराज भाटी ने उपरोक्त के संबंध में एडी बेसिक मेरठ को भी पत्र के माध्यम से अवगत कराया है और कहा है शिक्षकों में इस बात का रोष है। समयनुसार सूची संबंधित कार्यालयों को प्रेषित की जाये।अन्यथा की स्थिति में हमें धरने प्रदर्शन करने पड़ेंगे।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा एवं जिला मंत्री गजन भाटी ने भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र के माध्यम से कहा है कि अगर समय अनुसार सूची सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज को नहीं भेजी गयी तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय गौतमबुधनगर पर विशाल धरना होगा।

# आईआईए ने हर्षोल्लास से मनाया दीवाली उत्सव

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** रॉयल हैबिटेट सेंटर के प्रांगण में आईआईए ग्रेटर नोएडा चैप्टर के उद्यमियों ने हर्षोल्लास के साथ दिवाली उत्सव मनाया। इस शुभ अवसर पर शासन, प्रशासन, जिला उद्योग केंद्र, पुलिस, कारखाना, श्रम, अग्निशमन, विद्युत सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण, वनसंरक्षण, सिंचाई, ESIC, GST, GNIDA एवं यूपीसीडा प्राधिकरणों, NPCL, IGL , प्रेस, मीडिया आदि सहित 400 से अधिक उद्यमियों ने हर्षोल्लास के साथ दिवाली उत्सव के संगीत एवं नृत्य का आनंद उठाया व सुरुचि भोज लिया । विशिष्ट अतिथि के रूप में धीरेन्द्र सिंह विधायक (जेवर विधानसभा) ने सभी उपस्थित उद्यमियों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं एवं अपनी तरफ से उद्योग हित के लिए हमेशा उपलब्ध रहने का वायदा किया। इस अवसर पर आईआईए अध्यक्ष नीरज सिंघल ने सभी को शुभकामनाएं दीं। कई उद्यमी बंधुओं ने लक्की ड्रॉ में हिस्सा लिया व आकर्षक इनाम पाए। चैप्टर चेयरमैन राकेश बंसल ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया व सभी उद्यमियों को शुभकामनाएं एवं धन्यवाद दिया ।

# यमुना में डुबकी लगा बीमार हुए सचदेवा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा यमुना में डुबकी लगाने के बाद बीमार हो गए हैं। बीजेपी का दावा है कि प्रदूषित यमुना में डुबकी लगाने के बाद उनके त्वचा लाल चकत्ते हो गए हैं और खुजली हो रही है। उन्हें सांस लेने में भी हल्की तकलीफ हो रही है। उन्होंने आरएमएल अस्पताल जाकर इलाज कराया है।

वीरेंद्र सचदेवा ने यमुना की सफाई और उसमें डुबकी लगाने के दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उनके वादों को याद दिलाने के लिए गुरुवार सुबह यमुना में डुबकी लगाई थी। दिल्ली बीजेपी की ओर से एक्स पर दी गई जानकारी के अनुसार, दोपहर बाद से वीरेन्द्र सचदेवा को त्वचा में लाल चकत्ते, खुजली और सांस लेने में हल्की तकलीफ हो रही है। वह आरएमएल अस्पताल ले जाए गए, जहां डाक्टरों ने जांच कर उन्हें तीन दिन के लिए दवा दी है।

दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा गुरुवार सुबह एक छठ घाट पर पहुंचे थे। वहां उन्होंने दिल्ली में यमुना के प्रदूषण को लेकर आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार ने यमुना की सफाई के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने 2025 चुनाव से पहले यमुना की सफाई करने और यमुना को डुबकी लगा सकने वाली बनाने का वादा किया था। दिल्लीवासी उनका वादा पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। विरोध स्वरूप उन्होंने यमुना में डुबकी भी लगाई।

# बिहार के कुख्यात उज्ज्वल गिरोह का शूटर गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।**

नोएडा और पटना एसटीएफ की टीम ने गुरुवार को सेक्टर बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र से बिहार के उज्ज्वल गिरोह के शूटर को गिरफ्तार किया। वह एक गांव के मुखिया को गोली मारने की घटना में पिछले दो महीने से फरार चल रहा था। पटना पुलिस ने इस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पटना और नोएडा एसटीएफ की टीम ने इसे बीटा दो कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार किया। नोएडा एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा ने बताया कि पटना के नौबतपुर गांव निवासी कुख्यात बदमाश फैजल उर्फ किटटू के ग्रेटर नोएडा में छिपे होने की जानकारी मिली थी। पटना एसटीएफ की टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए यहां पहुंची थी। एसटीएफ की टीम का सहयोग कर गुरुवार की सुबह कुख्यात बदमाश फैजल को सेक्टर बीटा-2 स्थित मदर डेयरी बूथ के समीप से धर दबोचा गया। बदमाश के पास से एक अवैध हथियार बरामद हुआ।

एसटीएफ के मुताबिक बदमाश फैजल अगस्त 2024 में पटना के सिगौड़ी गांव में अपनी नानी के घर गया था। यहां उसके मामा का गांव के मुखिया से झगड़ा हो गया था। इस बीच फैजल ने गांव के मुखिया के सिर में गोली मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस मामले में वह फरार चल रहा था। बिहार पुलिस तभी से उसकी तलाश कर रही थी। बदमाश पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

एसटीएफ के मुताबिक पकड़ा गया बदमाश फैजल पटना के उज्ज्वल गिरोह का शार्प शूटर है। यह गिरोह रंगदारी वसूलने का काम करता है। रंगदारी न देने पर गिरोह के बदमाश गोली मार देते हैं। साल 2019 में बदमाश फैजल ने अपने गांव के एक साथी बीकू के साथ मिलकर पटना के एक व्यापारी से रंगदारी मांगी थी। रंगदारी न देने पर उस पर गोली चलाई थी। इस घटना के बाद से उसका नाम पुलिस की सूची में प्रमुख अपराधियों में शामिल हुआ। बदमाश के खिलाफ बिहार के अलग-अलग थानों में सात मुकदमा दर्ज हैं।

एसटीएफ के मुताबिक बदमाश फैजल ने वर्ष 2019 में अपने गांव में एक घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद वह जेल गया था। वर्ष 2023 में जेल से छुटने के बाद वह ग्रेटर नोएडा आ गया था। अगस्त 2024 में वह वापस अपनी नानी के घर पहुंचा था और यहां फिर घटना की थी। इसके बाद फिर वापस ग्रेटर नोएडा आ गया था।

# कारोबारी ने की खुदकुशी, 23 वर्षीय युवक ने भी लगाई फांसी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में अलग-अलग जगह पर रहने वाले एक कारोबारी समेत दो लोगों ने मानसिक तनाव के चलते सुसाइड कर ली। आत्महत्या की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-सात स्थित एक फैक्ट्री में अपना कारोबार करने वाले 55 वर्षीय डालचंद यादव मूल निवासी जिला बरेली ने अपनी फैक्ट्री में सुसाइड कर लिया। जब वे फैक्ट्री से घर नहीं लौटे तो घरवालों ने उन्हें ढूंढ़ना शुरू किया तो खोजते हुए फैक्ट्री पहुंचे तो वहां की हालत देखकर सन्न रह गए। परिजनों ने फैक्ट्री में डालचंद को पंखे से लटका हुआ पाया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को उनके द्वारा आत्महत्या करने की खबर दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने हवाले किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि डालचंद कारों के रेडिएटर के फैन बनाते थे। इसके लिए उन्होंने सेक्टर-सात में एक फैक्ट्री के अंदर किराए पर जगह ले रखी थी। जांच में पुलिस को यह भी पता चला कि उन्हें कुछ दिनों से व्यापार में लगातार घाटा हो रहा था। इस कारण वे लगातार मानसिक तनाव की स्थिति से गुजर रहे थे। रोज-रोज के दवाब से छुटकारा पाने के लिए उन्होंने आत्महत्या करने का विकल्प चुनै और फैक्ट्री में ही पंखे से लटककर अपनी जान दे दी।

## पृष्ठ एक के शेष....

**भाजपा नेता की...**

सुबह वह खादगुर्जर और नगला माफी के बीच एक पुलिया के निकट पहुंचा था। इस बीच रास्ते में खड़े युवक ने बाइक लगाकर स्कूली बस रोक ली। पास में आम के बाग में छिपे उसके दो साथी आ गए। उन्होंने बस पर फायरिंग कर दी और ईंट बरसाई। जिस पर चालक ने बस को गजरौला की तरफ तेज रफ्तार में दौड़ा दिया।

बाइक सवारों ने उसका पीछा भी किया। उसमें सवार छात्र-छात्रा सहम गए। चालक ने यूपी-112 को फोन कर घटना की सूचना दी। स्कूल प्रबंधन को भी खबर दी। कुछ ही देर में वह गाड़ी को लेकर स्कूल में आ गया। सूचना पाकर इंस्पेक्टर क्राइम जितेंद्र सिंह पुलिस के साथ स्कूल में गए।

सहमे छात्र-छात्राओं से जानकारी ली। चालक से भी पुलिस ने पूछताछ की। कुछ देर बाद सीओ श्वेताभ भास्कर, इंस्पेक्टर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष, डायरेक्टर, प्रधानाचार्य धर्मेंद्र चतुर्वेदी आदि घटना स्थल पर गए। जांच पड़ताल की।

**प्राधिकरण के भ्रष्ट...**

हाईकोर्ट ने उन्हें पश्चिमी उप्र से दूर कहीं पोस्टेड करने की तलख टिप्पणी की थी। लेकिन समाजवादी पार्टी की सरकार के सत्ता में आने के बाद उन्हें फिर नोएडा में तैनात कर दिया गया। राकेश बहादुर के समाजवादी पार्टी के नेता स्वर्गीय अमरसिंह से भी बेहद करीबी संबंध थे। भूमि आवंटन में गड़बड़ी करने पर कुख्यात माफिया अतीक अहमद ने सेक्टर-14ए स्थित राकेश बहादुर के आवास पर आकर उनके साथ गाली-गलौज व धमकी दी थी। तब प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी।

**अदालती फैसले ...**

12 दिसंबर 2022 को कानपुर देहात में लूट के एक मामले में बलवंत सिंह को हिरासत में लिया गया था। आरोप है कि हिरासत के दौरान बलवंत सिंह को इतनी बर्बरता से पीटा गया कि उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद कानपुर देहात में जनता में आक्रोश फैल गया था। नौ पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। इस मामले में आरोपी तत्कालीन शिवली थाने के एसएचओ राजेश कुमार सिंह और मैथा चौकी इंचार्ज ज्ञान प्रकाश पांडेय को अदालत ने धारा 304 (2) आईपीसी के तहत दोषी ठहराया। इस धारा के अंतर्गत अधिकतम सजा 10 साल होती है। अदालत ने दोनों अधिकारियों को 5-5 साल की कैद और 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अदालत में दोषी ठहराए गए इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह और सब-इंस्पेक्टर ज्ञान प्रकाश पांडेय ने अपने बयान में कहा कि उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशों का पालन किया। उनका कहना था कि उनकी बलवंत सिंह से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं थी और उनकी मंशा बलवंत को नुकसान पहुंचाने की नहीं थी, बल्कि वे अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे थे।

बलवंत सिंह की मौत के मामले की जांच कन्नौज के तत्कालीन एसपी कुंवर अनुपम सिंह के नेतृत्व में की गई थी। जांच में पाया गया कि कानपुर देहात के तत्कालीन एसपी सुनीति सिंह, रसूलाबाद के सीओ आशाराम पाल सिंह, अकबरपुर के सीओ प्रभात कुमार और रनिया थाने के एसएचओ शिवप्रकाश सिंह ने अपने पदों का दुरुपयोग किया और उचित कर्तव्यों का पालन नहीं किया। अदालत ने इनके खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए राज्य सरकार को आदेश दिया कि बलवंत सिंह की पत्नी को दिए गए 10 लाख रुपये का मुआवजा इन अधिकारियों के वेतन से काटा जाए।

**मकान का ताला....**

सामान को चोरी कर ले गए हैं। थाना सूरजपुर प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को खंगाला जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से कुछ अहम सुराग मिल सकते हैं।

**कंपनी में चोरी कर...**

चला कि कंपनी में स्टोर इंचार्ज के पद पर काम करने वाला आशीष झा कंपनी के पूर्व कर्मचारी शिवकुमार, लोकेश पाल व आशीष वर्मा के साथ मिलकर कंपनी का माल चोरी कर बेच रहा है। प्रोडक्शन हेड ने इस पूरी घटना की जानकारी उन्हें लिखित रूप में दी। यह बात स्टोर इंचार्ज आशीष झा को पता चली तो वह कंपनी छोड़कर गायब हो गया। अमित राज सिंह के मुताबिक उनकी कंपनी का स्टोर इंचार्ज पूर्व कर्मचारियों के साथ मिलकर कंपनी से लाखों रुपए के समान को चोरी कर बेच चुका है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**दीपावली के पूर्व 40 किसानों ...**

प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह योजना किसानों के लिए दोहरे लाभ की स्थिति पैदा करेगी। एक तरफ उन्हें विकसित भूखंड मिलेगा, जिसकी कीमत भविष्य में बढ़ने की संभावना है, वहीं दूसरी ओर वे इस भूखंड का व्यावसायिक उपयोग भी कर सकेंगे। इस योजना से न केवल किसान-प्राधिकरण विवाद का समाधान होगा, बल्कि इससे क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी।

**मिठाई दुकान पर...**

कासना रोड, सिरसा ग्रेटर नोएडा स्थित जय बजरंगबली मिष्ठान भंडार पर छापा मारकर लगभग 100 किलोग्राम खोया बरामद किया गया, जो की प्रथम दृष्टया मिलावटी एवं प्रदूषित प्रतीत होने के कारण 1 नमूना जांच के लिए संग्रहीत करने के बाद अवशेष खोया को नष्ट करा दिया गया। नमूने को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि दीपावली पर्व के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की 3 छापामार दलों का गठन किया गया है, जोकि आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी के निर्देशन में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनपदवासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके।

**झपटमारों ने सोने की...**

रंग की यामाहा बाइक पर आए दो बदमाशों ने उसके गले से सोने की चेन झपट ली। उसने शोर मचाकर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह फरार हो गए। उत्कर्ष के मुताबिक यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

इसी थाना क्षेत्र के अंतरिक्ष गोल्फ व्यू सोसाइटी में रहने वाले शिवांशु भसीन से बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल फोन झपट लिया और फरार हो गए। शिवांशु के मुताबिक वह 19 अक्टूबर की रात्रि को मार्केट के पास से गुजर रहे थे। इस दौरान बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। थाना प्रभारी का कहना है कि दोनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

**दो किशोरी, युवती...**

को घर से कहीं चली गई। उन्होंने अपनी बेटी की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। दिनेश ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी को ग्राम पिसावा जनपद अलीगढ़ निवासी जीतन अपने साथ लेकर गया है।

थाना सूरजपुर क्षेत्र के देवल गांव में किराए पर रहने वाले विनोद (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने परिवार सहित हाल में देवला गांव में रह रहा है। 21 अक्टूबर को उसकी पत्नी तथा वह ड्यूटी पर गए थे। दोपहर के समय उनकी (14 वर्षीय) बेटी घर से कहीं चली गई। शाम के समय जब वह और उसकी पत्नी घर लौटे तो उनकी बेटी गायब थी। विनोद ने बताया कि उन्होंने सब जगह अपनी बेटी की तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं लगा।

थाना जारचा क्षेत्र के बिसाहडा से एक (10 वर्षीय) बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। मूल रूप से ग्राम नंदपुर जनपद बुलंदशहर निवासी राकेश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका (10 वर्षीय) भतीजा उसके साथ बिसहाडा गांव में रह रहा था। 22 अक्टूबर की सुबह वह अचानक लापता हो गया। उसने अपने भतीजे की काफी तलाश की लेकिन उनका कोई पता नहीं चला।जारचा थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और किशोर की तलाश की जा रही है।

**फर्जी नंबर लगी चोरी...**

प्लेट को तोड़कर फेंक दिया और इस पर फर्जी नंबर प्लेट लगा ली थी। आज वह बाइक को बेचने के लिए जा रहा था लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के पास से बरामद बाइक दिल्ली निवासी सचिन कुमार के नाम पंजीकृत है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

**पानी सप्लायर को...**

उन्होंने कहा कि उनके अलावा इस सोसाइटी में कोई और व्यक्ति पानी की सप्लाई नहीं करेगा।

तुषार खारी के मुताबिक उनके ड्राइवर राज यादव ने उसके भाई गौरव से फोन पर गोलू की बात कराई। गोलू ने फोन पर गाली गलोज करना शुरू कर दिया। गौरव ने अपने चचेरे भाई अरुण को मौके पर गोलू को समझाने के लिए भेजा। इस दौरान गोलू ने अपने चचेरे भाई रोहित और सौरभ को भी बुला लिया। चारों लोगों ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए उनके ताऊ के लड़के अरुण खारी व उनके ड्राइवर के साथ मारपीट की। दोनों को लहू लुहान करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

थाना सेक्टर-142 प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में गोलू, अमित, रोहित व सौरव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बता दें कि सोसायटियों में इन दोनों बोतल बंद पानी की सप्लाई को लेकर आए दिन पानी के सप्लायरों में विवाद के घटनाएं सामने आ रही हैं।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com




**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना संख्याः- ए.जी.सी.-ई.एल.जी.-टी.-20-2024-25 दिनांकः 21.10.2024

**ई-निविदा सूचना**

वरि0 मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑनलाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः** आगरा मंडल के एसी एलएचबी कोचों के आरएमपीयू के व्यापक रखरखाव के लिए 24 महीने के अनुबंध हेतु।
**कार्य पूर्ण करने की अवधि** -24 माह

**कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 14079928.47/- including GST

**पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग हेतु** Indian Railways website **www.ireps.gov.in देखें। टेन्डरर्स केवल वेबपोरटल** Indian Railways website **www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे तक दि0 11.11.2024 तक टेन्डर डाल सकते है।** **1842/24(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

Letter No :- DRM/C/AGRA/NFR/E-AUCTION Dated : 22.10.2024

**ई-नीलामी निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक-आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार है :-

| | |
|---|---|
| श्रेणी : MISC Static Services | केटलॉग संख्या : MTJ-WVM-24-02 |
| एसेट्स डिटेल्स : मथुरा जं. रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एवं सर्कुलेटिंग एरिया में वाटर वेंडिंग मशीन के ठेके के सम्बनध में। | |
| ई नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय : दिनांकः- 05.11.2024 समय :- 11:00 | |
| ई नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय : दिनांकः- 05.11.2024 समय :- 11:30 | |
| श्रेणी : PMBJK | केटलॉग संख्या : PMBJK-AGC-24-07 |
| एसेट्स डिटेल्स : आगरा छावनी रेलवे स्टेशन पर प्रधान मंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोले जाने के ठेके के सम्बन्ध में। | |
| ई नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय : दिनांकः- 05.11.2024 समय :- 12:00 | |
| ई नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय : दिनांकः- 05.11.2024 समय :- 12:30 | |

**नोट** :- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के E-Auction Module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उर्पयुक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। कृपया आपसे अनुरोध है कि ई निलामी नोटिस को राष्ट्रीय एवं स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें। **1854/24 (C)**

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## खास खबर

### बजाज पल्सर एन 125 बाइक लांच

नई दिल्ली। भारतीय बाजार में बजाज पल्सर एन 125 बाइक लॉन्च कर दी है। एलईडी डिस्क की कीमत 94,707 रुपए और एलईडी डिस्क ब्ल्यूटूब की कीमत 98,707 रुपए एक्स शोरूम है। यह बाइक दो वेरिएंट- एलईडी डिस्क और एलईडी डिस्क ब्ल्यूटूब में पेश की गई है। यह बाइक टीवीएस राइडर, हीरो एक्सट्रीम 125, होंडा शाइन और एसपी 125 को टक्कर देगी। इस बाइक में 124.58सीसी एयर-कूल्ड, सिंगल सिलेंडर इंजन दिया गया है, जो 12 पीएस की पावर और 11 न्यूटन मीटर का टॉर्क मिलता है। बाइक में 5 स्पीड गियरबॉक्स दिया गया है। बजाज पल्सर एन125 में एलसीडी इंस्ट्रूमेंट पैनल, एलईडी हेडलाइट्स, टेल लाइट्स और यूएसबी चार्जिंग पोर्ट है। इसमें डिजिटल इंस्ट्रूमेंट कंसोल के साथ ब्लूटूथ कनेक्टिविटी की सुविधा दी गई है, जिससे यूजर बाइक को अपने स्मार्टफोन से कनेक्ट कर सकते हैं।

### मोबिक्विक ने 9.5 फीसदी ब्याज दर वाली एफडी पेश की

नई दिल्ली। डिजिटल वित्तीय सेवा मंच मोबिक्विक ने वित्तीय सेवा कंपनियों के साथ साझेदारी में अपने मोबाइल ऐप पर त्वरित सावधि जमा (एफडी) उत्पाद पेश करने की घोषणा की। मोबिक्विक ने एक बयान में कहा कि इस वित्तीय उत्पाद का उद्देश्य अपने उपयोगकर्ताओं के लिए बचत प्रक्रिया को सरल बनाना है। कंपनी ने सावधि जमा उपयोगकर्ताओं को 1,000 रुपये से निवेश शुरू करने और नया बैंक खाता खोले बगैर सालाना 9.5 प्रतिशत तक का रिटर्न पाने की पेशकश की है। उपयोगकर्ता सात दिनों से लेकर 60 महीने तक की जमा अवधि चुन सकते हैं।

### रिलायंस पावर को 1,525 करोड़ जुटाने शेयरधारकों की मंजूरी मिली

नई दिल्ली। रिलायंस पावर को तरजीही शेयर जारी कर 1,524.60 करोड़ रुपये जुटाने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने बुधवार देर रात शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि डाक मतपत्र के जरिये प्रस्ताव को अपेक्षित बहुमत से पारित कर दिया गया है। डाक मतपत्र नोटिस के अनुसार कंपनी 33 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर 46.20 करोड़ शेयर और/या समतुल्य संख्या में शेयर में परिवर्तनीय वारंट के तरजीही निर्गम के जरिये 1,524.60 करोड़ रुपये तक जुटाएगी। रिलायंस पावर लिमिटेड के निदेशक मंडल ने 23 सितंबर को तरजीही निर्गम के जरिये 1,525 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। इसके तहत प्रवर्तक कंपनी के कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए इसमें 600 करोड़ रुपये डालेंगे।

### आईपीओ की लांचिंग में बैंकों ने कमाये 3000 करोड रुपए

मुंबई। पिछले साल की तुलना में इस साल में सबसे ज्यादा आईपीओ लॉन्च किए हैं। इस लॉन्चिंग में बैंकों को मोटी कमाई हुई है। आईपीओ और एफपीओ की लॉन्चिंग और हैंडलिंग के प्रक्रिया में लीड बैंकों को भारी कमीशन प्राप्त हुआ है। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार लगभग 3000 करोड रुपए की कमाई बैंकों ने की है। बैंकों को आमतौर पर आईपीओ की निर्धारित राशि पर एक से तीन फीसदी का कमीशन और फीस मिलती है। हुंडई मोटर इंडिया का 27870 करोड रुपए के आईपीओ मैं बैंक को 493 करोड रुपए, वोडाफोन आइडिया ने 297 करोड़, ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी से 145 करोड़, बजाज हाउसिंग फाइनेंस से 36 करोड़ कमीशन और फीस के रूप में प्राप्त हुआ है। 2024 में अभी तक 66 कंपनियों के आईपीओ बाजार में आ चुके हैं।

### एचयूएल अपने आइसक्रीम कारोबार को अलग करेगी

नई दिल्ली। दिग्गज एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) ने अपने आइसक्रीम कारोबार को अलग करने की घोषणा करते हुए कहा कि इस पर निष्पक्ष विचार के लिए स्वतंत्र मूल्यांकन किया गया है। एचयूएल के आइसक्रीम कारोबार में क्वालिटी वॉल्स, कॉनेटी और मैग्नम जैसे ब्रांड शामिल हैं। एचयूएल के निदेशक मंडल की हाल ही में हुई बैठक में आइसक्रीम कारोबार को अलग करने का फैसला किया गया।

# रिलायंस और एनवीडिया भारत में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर का करेंगे निर्माण

- जियो अब दुनिया की सबसे बड़ी डेटा कंपनी बन चुकी है
- चिप डिजायन करने में भारत पहले से ही विश्वस्तरीय है




एजेंसी

मुंबई/नई दिल्ली। मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंप्यूटिंग में अग्रणी अमेरिकी कंपनी एनवीडिया भारत में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करेंगे। दोनों कंपनियों ने भारत में एआई कम्प्यूटिंग अवसंरचना और एक नवाचार केंद्र बनाने के लिए एक समझौता किया है। मुंबई में आयोजित एनवीडिया एआई समिट 2024 में मुकेश अंबानी के साथ चैट सेशन के दौरान एनवीडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेन्सन हुआंग ने इसकी घोषणा की। जेन्सेन हुआंग ने कहा कि उनकी कंपनी ने भारत में एआई कम्प्यूटिंग अवसंरचना और एक नवाचार केंद्र बनाने के लिए मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है। आरआईएल चेयरमैन ने कहा कि जियो अब दुनिया की सबसे बड़ी डेटा कंपनी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज का नया प्रमुख डेटा सेंटर नवीनतम एनवीडिया ब्लैकवेल एआई चिप का उपयोग करेगा। रिलायंस और एनवीडिया के बीच साझेदारी का उद्देश्य देश में एक मजबूत एआई बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है। कृत्रिम मेधा (एआई) चिप की प्रमुख वैश्विक अमेरिकी कंपनी एनवीडिया कॉर्प के सीईओ ने कहा कि रिलायंस और एनवीडिया मिलकर भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करेंगे। एआई समिट में अंबानी और हुआंग ने एआई में भारत की बदलावकारी क्षमता और इस क्षेत्र में वैश्विक अगुवा के रूप में इसकी उभरती भूमिका पर चर्चा की। रिलायंस प्रमुख मुकेश अंबानी ने इस अवसर पर आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भारत एनवीडिया के सर्वश्रेष्ठ उत्पाद के साथ शुरूआत करेगा। हुआंग ने कहा कि इस साझेदारी में ऐसे एप्लिकेशन भी बनाए जाएंगे जिन्हें रिलायंस भारत में उपभोक्ताओं को प्रदान कर सकती है। उन्होंने कहा कि इस गठजोड़ के तहत हम एक नवाचार केंद्र भी खोलेंगे। उल्लेखनीय है कि एनवीडिया की भारत में छह स्थानों पर पहले से मौजूदगी है। एनवीडिया की डिजायनिंग बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे में की जाती है। चिप डिजायन करने में भारत पहले से ही विश्वस्तरीय है। एनवीडिया के इस ऐलान से इसमें और इजाफा हो सकता है।

## मुद्रास्फीति के स्थायी रूप से सही होने की स्थिति का इंतजार करना होगा : दास

- भारत मुद्रास्फीति की एक और लहर का जोखिम नहीं उठा सकता



एजेंसी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत मुद्रास्फीति की एक और लहर का जोखिम नहीं उठा सकता है। वर्तमान में सबसे अच्छा तरीका लचीला रहना होगा। केंद्रीय बैंक के लक्ष्य के साथ मुद्रास्फीति के स्थायी रूप से सही होने की स्थिति का इंतजार करना होगा। महीने की शुरआत में हुई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा देते हुए दास ने कहा कि मौद्रिक नीति केवल मूल्य स्थिरता बनाए रखने से ही स्थायी विकास का समर्थन कर सकती है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बेंचमार्क ब्याज दर को 6.5 फीसदी पर बनाए रखने का फैसला किया है, जो लगातार दसवीं बार है जब एमपीसी ने दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। हालांकि, समिति ने अपनी स्थिति समायोजन की वापसी से तटस्थ में बदल दी है। एमपीसी की बैठक के ब्योरे के अनुसार दास ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिरता और ताकत की तस्वीर प्रस्तुत करती है और मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन अच्छी तरह से स्थापित है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति में निकट अवधि में बढ़ोतरी के बावजूद, साल के अंत में और अगले साल की शुरूआत में हेडलाइन मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण 4 प्रतिशत लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की ओर इशारा करता है।

### सीतारमण ने विश्व बैंक अध्यक्ष से मुलाकात में एमडीबी सुधारों पर की चर्चा

## भारत की बजट प्राथमिकताओं के साथ सहयोग करने पर जोर



एजेंसी

वाशिंगटन/नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने यहां वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं में निजी पूंजी की भागीदारी से संबंधित मुद्दों, ऊर्जा सुरक्षा और बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबीएस) में सुधार पर चर्चा की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को यहां विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकों से इतर विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से मुलाकात की और अन्य मुद्दों के अलावा एमडीबीएस में सुधार पर चर्चा की। वित्त मंत्री ने कहा कि वह विश्व बैंक द्वारा भारत की जी-20 अध्यक्षता से एमडीबी सुधारों पर आईईजी की सिफारिशों को आगे बढ़ाने की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रही हैं। उन्होंने भविष्य में सिफारिशों के कार्यान्वयन पर नियमित निगरानी का भी अनुरोध किया। सीतारमण ने बैठक के दौरान ब्रेटन वुड्स संस्थानों के 80 साल पूरा होने पर चर्चा के लिए विश्व बैंक तथा आईएमएफ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सलाहकार तंत्र पर व्यापक परामर्श प्रक्रिया की जरूरतों को रेखांकित किया। ब्रेटन वुड्स संस्थान, आईएमएफ और विश्व बैंक का एक समूह है। इस संस्था की स्थापना 1944 में अमेरिका के न्यू हैम्पशायर के ब्रेटन वुड्स में एक सम्मेलन में की गई थी। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने बैठक के दौरान आईईजी सिफारिशों पर पर्याप्त प्रगति का उल्लेख किया, जिन्हें जी20 में प्रस्तुत किया जाना है। उन्होंने डब्ल्यूबीजी के रोजगार, ज्ञान ढांचे, बैंक योग्य परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने कौशल, जल और स्वच्छता तथा शहरी विकास सहित भारत की बजट प्राथमिकताओं के साथ सहयोग करने पर जोर दिया।

## अमेजन इन पर लाइव हुआ धनतेरस स्टोर




एजेंसी

रांची। इस बार धनतेरस पर, अमेजन इन उन ग्राहकों के लिए वन-स्टॉप शॉपिंग डेस्टिनेशन लेकर आया है, जो नए टेक गैजेट्स, ऑटोमोबाइल्स, गोल्ड और त्योहार के लिए जरूरी उत्पादों पर सर्वश्रेष्ठ डील्स चाहते हैं। 100 प्रतिशत पिन कोड्स पर डिलीवरी के साथ, यह स्टोर अद्वितीय चयन और सुविधा के माध्यम से खरीदारी के अनुभव को और बेहतर बनाता है। सैमसंग गैलेक्सी द्वारा समर्थित और विडा द्वारा सह-समर्थित अमेजन.इन पर धनतेरस स्टोर, नए इलेक्ट्रिक स्कूटर्स, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, एथनिक कपड़े, होम एप्लाएंसेस, शुभ सजावट, ब्यूटी प्रोडक्ट्स और गोल्ड सहित तमाम उत्पादों का एक व्यापक संग्रह पेश करता है। ग्राहक एप्पल, सैमसंग, वनप्लस, तनिष्क, टाइटन, बीबा, हॉकिंस, जीवा, ओला और विडा सहित अन्य शीर्ष ब्रांड्स की ओर से एक्सक्लूसिव डील्स का फायदा उठा सकते हैं, और त्योहारों से जुड़ी अपनी सभी जरूरतों को एक ही स्थान पर पूरा कर सकते हैं। नीचे कुछ शीर्ष उत्पादों की जानकारी दी गई है, जिन्हें आप अपनी शॉपिंग लिस्ट में शामिल कर सकते हैं: वन स्टॉप शॉप : कल्याण ज्वेलर्स 24के गोल्ड बार्स : इस धनतेरस, प्रामाणिकता और उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 24 कैरेट (999) शुद्ध सोने से तैयार कल्याण ज्वैलर्स लोटस गोल्ड बार के साथ एक प्रीमियम इनवेस्टमेंट की शुरूआत करें।

## मिनी एक्सपो में अशोक लीलैंड की सेवाओं और समाधानों का किया गया प्रदर्शन



एजेंसी

जमशेदपुर। हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी और देश की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निमार्ता अशोक लीलैंड ने जमशेदपुर में अपने मिनी एक्सपो का आयोजन किया। इस एक्सपो में मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों (एमएचसीवी) के नवीनतम मॉडल और तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। जमशेदपुर, भारत के उन 11 विशिष्ट स्थानों में से एक है, जहां यह एक्सपो आयोजित हो रहा है, जो नवाचार और ग्राहकों से जुड़ने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अशोक लीलैंड के एमएचसीवी अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि झारखंड कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और यह एक्सपो ग्राहकों को आधुनिक वाहन तकनीकों और व्यापक आफ्टरमार्केट सेवाओं का अनुभव कराने का शानदार अवसर है। यह दो दिवसीय मिनी एक्सपो 23-24 अक्टूबर को आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर, फेज 7, में आयोजित हुआ। जहां विभिन्न एमएचसीवी वाहनों के साथ कंपनी की सेवाओं और समाधानों का प्रदर्शन किया गया।

### हाइसेंस इंडिया ने की ईपैक ड्यूरेबल के साथ साझेदारी

## भारत में बनेगा एयर कंडीशनर और होम अप्लायंस



एजेंसी

रांची। इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरणों में ग्लोबल लीडर हाइसेंस अब भारत में भी अपने प्रोडक्ट यानी घरेलू उपकरणों और एयर कंडीशनर का निर्माण करेगी। इसके लिये हाइसेंस ने भारतीय कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर ईपैक ड्यूरेबल्सर के साथ बड़ा समझौता किया है। एक रणनीतिक विनिर्माण साझेदारी के तहत ईपैक ड्यूरेबल की मदद से हाइसेंस के लिये भारत में उन्नत विनिर्माण सुविधा स्थापित करने का रास्ता बनेगा। इसके साथ ही एयर कंडीशनर और घरेलू उपकरणों के उत्पादन में हाइसेंस की स्वामित्व वाली टेक्नोलॉजी और डिजाइनों का उपयोग किया जा सकेगा। हाइसेंस द्वारा प्रोडक्ट्स का स्थानीय विनिर्माण करने से मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने के संकल्प की दिशा में भी यह एक बड़ा कदम है। ये समझौता हाइसेंस की नई टेक्नोलॉजी से युक्त स्मार्ट और प्रीमियम-गुणवत्ता वाले घरेलू उपकरणों को भारतीय बाजार में पेश करने के अपने दृष्टिकोण का भी प्रतिबिंब है। इस तरह अगले 5 वर्षों के भीतर देश में एयर-कंडीशनर और घरेलू उपकरणों में शीर्ष 5 ब्रांडों के रूप में हाइसेंस स्थापित होगा जो इसकी वैश्विक स्थिति के अनुरूप है। टेक्नोलॉजी, डिजाइन और उत्पादन क्षमता में निवेश इस समझौते के तहत ईपैक ड्यूरेबल लिमिटेड (ईडीएल) एयर कंडीशनर और घरेलू उपकरणों के निर्माण के लिए उन्नत और समर्पित उत्पादन लाइनों में निवेश करेगा, जिसमें वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर और अन्य छोटे घरेलू उपकरण शामिल हैं। ईडीएल के मौजूदा बुनियादी ढांचे का उपयोग करके हाइसेंस के लिए कई महत्वपूर्ण आरएसी कंपोनेंट्स, छोटे घरेलू उपकरण और वॉशिंग मशीन के कुछ मॉडल निर्मित किए जाएंगे। इस तरह से ईडीएल को अपनी मौजूदा परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग करने में मदद मिलेगी।

### टाटा मोटर्स का कस्टमर केयर महोत्सव 2024 लॉन्च

रांची। टाटा मोटर्स ने अपने कस्टमर केयर महोत्सव 2024 को लॉन्च कर दिया है। कमर्शियल वाहन के उपभोक्ताओं के साथ जुड़ाव बनाने वाला यह कार्यक्रम 24 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इस अनूठे महोत्सव का आयोजन देशभर में 2500 से ज्यादा अधिकृत सेवा केंद्रों पर किया जाएगा। इसमें कमर्शियल वाहनों के मालिक और ड्राइवर एक मंच पर आकर महत्वपूर्ण चचाएं करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत, ग्राहक कई लाभ उठा सकते हैं। वह प्रशिक्षित तकनीशियन से गाड़ियों की पूरी जांच करा सकते हैं, और उन्हें कई अतिरिक्त सेवाओं तक पहुंच भी मिलेगी। ड्राइवरों को सुरक्षित और ईंधन बचाने वाले ड्राइविंग के तरीके सिखाने के लिए विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## कलाकारों ने धनतेरस के लिए अपनी तैयारियों के बारे में बताया : सोनी सब



एजेंसी

मुंबई। धनतेरस दिवाली उत्सव की शुरूआत का प्रतीक है, जो आध्यात्मिक विजय और समृद्धि का प्रतीक है। इस शुभ दिन पर अनुकूल मुहूर्त में नई वस्तुओं की खरीद से पूरे साल आशीर्वाद और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस साल सोनी सब के प्रमुख कलाकार बता रहे हैं कि वे धनतेरस के आगामी अवसर के लिए कैसे तैयारी कर रहे हैं और इस सीजन में वे क्या खरीदने की योजना बना रहे हैं - श्रीमद् रामायण की प्राची बंसल ने कहा, धनतेरस पर, जब भी मुझे शूटिंग से छुट्टी मिलती है, तो मैं अपनी माँ और पिताजी के लिए कुछ खरीदने की कोशिश करती हूँ। मैं निश्चित रूप से अपनी माँ के लिए नए बर्तन और सोना खरीदना चाहूँगी। पुष्पा इम्पॉसिबल की गरिमा परिहार ने कहा, इस धनतेरस पर, मैंने अपनी दिवाली रोमांचक तरीके से एक नई कार। यह त्यौहारी सीजन की एक नई शुरूआत है, और मुझे यकीन है कि यह आगे चलकर एक शानदार सफर होने वाला है। बादल पे पाँव है में की मानसी शर्मा ने कहा, ₹इस धनतेरस पर मेरा मानना है कि पूजा के लिए चांदी की थाली खरीदना जरूरी है, क्योंकि यह पवित्रता और सौभाग्य लाती है।

### मजबूत लिस्टिंग से फ्रेशर एग्रो के निवेशक हुए गदगद

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में आज सिर्फ एक कंपनी ने ही लिस्टिंग के जरिये अपनी जगह बनाई। कृषि उत्पादों का निर्यात करने वाली कंपनी फ्रेशर एग्रो एक्सपोर्ट्स ने आज घरेलू शेयर बाजार में एंट्री की। कंपनी के शेयर आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 16.38 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्ट हुए। हालांकि लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से फ्रेशर एग्रो एक्सपोर्ट्स के शेयरों में गिरावट भी आई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इस शेयर ने रिकवर भी कर लिया। आईपीओ के तहत फ्रेशर एग्रो एक्सपोर्ट्स के शेयर 116 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे।

## क्या आमिर खान की हो रही है लोकेश कनगराज की सिनेमैटिक यूनिवर्स में एंट्री



एजेंसी

मुंबई। आमिर खान बिना किसी शक के एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के सबसे बड़े स्टार्स में से एक हैं। उन्होंने अब तक की कुछ सबसे बड़ी हिट फिल्में दी हैं। फैंस उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, ऐसे में आमिर खान सितारे जमीन पर के लिए तैयारी कर रहे हैं, और इस फिल्म के चारों ओर जबरदस्त उत्साह के माहौल को साफ महसूस किया जा सकता है। लेकिन, आमिर खान के फैंस के लिए एक और सरप्राइज है, क्योंकि सोर्सेज से जानकारी मिल रही है कि वह अपने अगले प्रोजेक्ट के साथ लोकेश कनगराज की सिनेमैटिक यूनिवर्स में शामिल होने वाले हैं। एक इंडिपेंडेंट इंडस्ट्री सोर्सेज ने खुलासा किया है कि, आमिर खान अपनी अगली फिल्म के साथ लोकेश कनगराज की दुनिया में एंटर करने जा रहे हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के ये दो दिग्गज एक साथ आ रहे हैं, और यह देखने वाली अगली बड़ी बात होने वाली होगी। सोर्सेज ने आगे कहा, आमिर खान के रजनीकांत की फिल्म का हिस्सा बनने की संभावना सबसे ज्यादा है। ये सच में एक रोमांचक अपडेट है, क्योंकि आमिर खान उन डायरेक्टर्स के साथ काम करने जा रहे हैं, जिन्होंने ब्लॉकबस्टर हिट जैसे लियो, विक्रम, कैथी और मास्टर बनाई हैं। इसके अलावा, आमिर खान की दिलचस्प फिल्मों की सूची में सितारे जमीन पर शामिल है, और यह सहयोग उनके करियर में एक रोमांच जोड़ेगा।

## सेल्सफोर्स ने की टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के साथ रणनीतिक सहयोग की घोषणा



एजेंसी

मुंबई। सेल्सफोर्स ने आज अपनी डिजिटल परिवर्तन यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए एक प्रमुख फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के साथ रणनीतिक सहयोग की घोषणा की। इस अगली पीढ़ी के गो-टू-मार्केट प्लेटफॉर्म का लॉन्च टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के बिक्री और वितरण संचालन में उल्लेखनीय गति और दक्षता के साथ क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड द्वारा सेल्सफोर्स सेल्स क्लाउड, सर्विस क्लाउड, प्लेटफार्म, मुलेसॉफ्ट को लागू करने का निर्णय, ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उन्नत तकनीक का लाभ उठाते हुए, डिजिटल-प्रथम, डेटा-संचालित संगठन में बदलने के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप है। मुलेसॉफ्ट ने टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड को बड़े पैमाने पर प्रदर्शन और स्थिरता प्रदान करते हुए सिस्टम में विशाल एकीकरण के सरलीकरण के माध्यम से डेटा की पूरी क्षमता का दोहन करने में सक्षम बनाया है। सेल्सफोर्स की उन्नत डेटा प्रबंधन और ए आई क्षमताओं का लाभ उठाते हुए, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने उल्लेखनीय गति और दक्षता के साथ अपने डिजिटल परिवर्तन को गति दी है। प्लेटफॉर्म का विकास और परिनियोजन चार महीनों के भीतर 3,000 से अधिक वितरकों के लिए एक राष्ट्रव्यापी रोलआउट द्वारा संचालित किया गया था। इस रोलआउट के चरम पर, एक ही दिन में 200 वितरकों को सफलतापूर्वक शामिल किया गया, जो प्लेटफॉर्म की मापनीयता और चपलता को प्रदर्शित करता है। प्लेटफॉर्म सेल्सफोर्स के टूल के साथ सहजता से एकीकृत होता है, वास्तविक समय की बाजार खुफिया जानकारी प्रदान करता है और सेल्सफोर्स ग्राहक 360 सूट के माध्यम से वितरक बिक्री और खुदरा शेल्फ गतिविधि में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। यह सहयोग टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के व्यापक खुदरा नेटवर्क में दक्षता को बढ़ावा दे रहा है, जो 1.63 मिलियन से अधिक आउटलेट में फैला हुआ है। प्लेटफॉर्म का उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजाइन वितरकों और बिक्री प्रतिनिधियों को न्यूनतम प्रशिक्षण के साथ इसे अपनाने में सक्षम बनाता है, जो उपभोक्ता-ग्रेड अनुप्रयोगों के समान एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है। उपयोग में आसानी ने ळ्वढछ को वितरक ऑनबोर्डिंग समय को एक सप्ताह से घटाकर केवल 45 मिनट करने की अनुमति दी है, जबकि नए खुदरा विक्रेताओं को अब दो मिनट से कम समय में ऑर्डर देने के लिए सेट किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, रिकॉर्ड समय में प्लेटफॉर्म पर कई भागीदारों को शामिल करने की ळ्वढछ की क्षमता तेजी से तैनाती क्षमताओं को दर्शाती है।

## टोयोटा रुमियन का लिमिटेड फेस्टिवल एडिशन के साथ प्रीमियम टीजीए पैकेज पेश



एजेंसी

जमशेदपुर। कार खरीदारों के लिए इस त्यौहारी सीजन को खास बनाते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज टोयोटा रुमियन का फेस्टिव एडिशन पेश किया। इस लिमिटेड-एडिशन में एक्सक्लूसिव टोयोटा जेनुइन एक्सेसरी (टीजीए) पैकेज शामिल हैं जिसका उद्देश्य रुमियन के सौंदर्य और उससे मिलने वाले आराम को बेहतर करना है। रुमियन का यह फेस्टिवल एडिशन सभी ग्रेड में उपलब्ध है और डीलर-फिटेड टीजीए पैकेज के साथ आता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि ग्राहकों को प्रीमियम अनुभव मिले। फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन के टीजीए पैकेज में बैक डोर गार्निश, मड फ्लैप्स, रियर बम्पर गार्निश, डीलक्स कार्पेट मैट (आरएचडी), हेड लैंप गार्निश, नंबर प्लेट गार्निश, डोर वाइजर - क्रोम, रूफ एज (छत किनारे के लिए) स्पॉयलर, बॉडी साइड मोल्डिंग गार्निश फिनिश शामिल है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट सबरी मनोहर ने कहा, 'हम लिमिटेड-एडिशन टोयोटा रुमियन पेश करते हुए बेहद खुशी महसूस कर रहे हैं। यह स्पेशल एडिशन ग्राहक संतुष्टि के प्रति हमारे समर्पण को दशार्ता है जो प्रीमियम एक्सेसरीज, एक्सटेंडेड वारंटी और बेहतरीन आफ्टर-सेल्स सर्विस जैसी सुविधाओं के माध्यम से नयापन प्रदान किया है।

## खास खबर

### अंकारा के आतंकी हमले में 10 की मौत

**अंकारा।** तुर्की की राजधानी अंकारा में बुधवार को तुर्की एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के मुख्यालय पर एक बड़े आतंकी हमले में 10 लोगों की मौत हो गई। हमले को तीन आतंकवादियों ने अंजाम दिया, जिनमें एक महिला आतंकी भी शामिल थी। तुर्की के सुरक्षाबलों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत कार्रवाई की और दो आतंकियों को मौके पर ही मार गिराया। इसके बाद तुर्की की वायु सेना ने तेजी से जवाबी कार्रवाई करते हुए इराक और सीरिया में कुर्दिश आतंकवादी ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। इन हमलों में 30 से अधिक ठिकानों को नष्ट कर दिया गया, और 5 आतंकवादियों के मारे जाने की खबर है। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन हमलों के जरिए आतंकवादियों को कड़ा संदेश दिया गया है।

### पानी की टंकी गिरने से तीन श्रमिकों की मौत

**पुणे ।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में श्रमिकों के एक शिविर में पानी की अस्थायी टंकी गिरने से तीन मजदूरों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना पिंपरी चिंचवड शहर के भोसरी इलाके में तब हुई जब कुछ मजदूर पानी की टंकी के नीचे नहा रहे थे। बताया जाता हैं कि पानी के दबाव के कारण टंकी फट गई, जिससे वह ढह गई। उन्होंने बताया कि पानी की टंकी के नीचे मौजूद मजदूर मलबे में फंस गए। अधिकारी ने बताया, तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सात अन्य घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है।

### कोर्ट परिसर में हुआ धमाका, जवान घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला में एक कोर्ट परिसर के अंदर विस्फोट होने की खबर निकल कर आ रही है। यह धमाका कार्ट परिसर स्थित मालखाना में रखे ग्रेनेड के फटने से हुआ है। इस घटना में एक पुलिसकर्मी घायल हुआ है। धमाके के बाद कोर्ट परिसर में अफरातफरी मच गई।
पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार, गुरुवार करीब 1 बजकर 5 मिनट पर बारामूला कोर्ट परिसर स्थिति मालखाना में गलती से ग्रेनेड फट गया। इस घटना में ड्यूटी पर तैनात एक जवान के घायल होने की खबर है। धमाके के बाद कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। धमाके को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं आम हो गई। ऐसे में पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि इस धमाके को लेकर अफवाहों पर ध्यान न दें। धमाका मालखाने में रखे ग्रेनेड के गलती से फटने के कारण हुआ है।

# चक्रवात दाना को लेकर बंगाल और ओडिशा हाई अलर्ट पर

- आज पहुंच सकता हैं तट पर
- हवाई उड़ान पूरी तरह बंद, 190 लोकल ट्रेनों का संचालन बंद

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** बंगाल और ओडिशा के तटों पर चक्रवात दाना के 25 अक्टूबर के बीच टकराने की आशंका के चलते दोनों राज्य हाई अलर्ट पर हैं। भारतीय तटरक्षक बल और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए अपने जहाजों और विमानों के साथ तैनात है। तटीय क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।
भुवनेश्वर स्थित बीजू पटनायक



अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार शाम से उड़ानों का परिचालन 16 घंटों के लिए निलंबित किया गया है। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने 24 अक्टूबर शाम 5 बजे से 25 अक्टूबर सुबह 9 बजे तक उड़ानों को रोकने का फैसला किया है, इससे किसी भी आपातकाल से निपटने में मदद मिलेगी।
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि चक्रवात दाना गुरुवार-शुक्रवार के बीच भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और धामरा बंदरगाह के बीच तट पर पहुंच सकता है। चक्रवात के पहुंचने पर हवाओं की गति 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक होने की संभावना है, इससे तटीय इलाकों में भारी नुकसान की संभावना है।
राज्य सरकारों ने तटीय जिलों में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है, और निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का काम शुरू किया है। प्रशासन द्वारा मछुआरों को समुद्र में न जाने की सख्त हिदायत देकर नावों को वापस तट पर बुलाया गया है। स्थानीय प्रशासन और सरकार स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए हैं ताकि किसी भी विपरीत परिस्थिति से तुरंत निपटा जा सके।
वहीं चक्रवात दाना के प्रभाव के कारण बंगाल और ओडिशा के मौसम में बदलाव आया है, जिससे कई इलाकों में हल्की बारिश शुरू हो गई है। राज्य मौसम विभाग ने स्थानीय निवासियों को सावधानी बरतने और किसी भी प्रकार की आपात स्थिति के लिए तैयार रहने की सलाह दी है। मौसम में अचानक आए परिवर्तन के चलते, तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उच्च सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।
आईएमडी के अनुसार, यह तूफान अब एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में विकसित हो चुका है और इसके उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। चक्रवात दाना 24 अक्टूबर की मध्य रात्रि से 25 अक्टूबर 2024 की सुबह के बीच पुरी और सागर द्वीप के बीच भितरकनिका और धमारा (ओडिशा) के तटों को पार कर सकता है। इस दौरान, हवा की गति 100-110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार रहने की संभावना है, जो कुछ स्थानों पर 120 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

**भुवनेश्वर और कोलकाता में बंद रहेंगी उड़ान सेवाएं**

चक्रवात दाना के चलते कोलकाता हवाई अड्डे के अधिकारियों ने गुरुवार शाम 6 बजे से अगले 15 घंटे तक उड़ान परिचालन निलंबित करने का फैसला किया है। वहीं भुवनेश्वर स्थित बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार शाम से उड़ानों का परिचालन 16 घंटों के लिए निलंबित रहेगा।
190 लोकल ट्रेनों का संचालन रद्द वहीं पूर्वी रेलवे ने सियालदह डिवीजन में गुरुवार रात 8 बजे से शुक्रवार सुबह 10 बजे तक 190 लोकल ट्रेनों का संचालन रोक दियास है। यह कदम संभावित आपदा से यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।

# शेल कंपनियों के माध्यम से हो रही है ड्रग्स की तस्करी

- कंटेनर के जरिए समुद्री रास्ते से भारत आ रही है ड्रग्स
- ईड़ी की जांच में हुआ बड़ा खुलासा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** ईरान और अफगानिस्तान के समुद्री मार्ग से भारत में कंटेनर के माध्यम से बड़ी मात्रा में ड्रग्स आ रहा है। गुजरात से यह ड्रग्स दिल्ली पंजाब हरियाणा भेजी जाती है ।ड्रग्स के तस्करों द्वारा शेल कंपनियों के फर्जी नाम से ड्रग्स भारत आती है। टेल्क स्टोन और जिप्सम पाउडर की पैकिंग के बीच ड्रग्स की तस्करी हो रही है।
केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ईडी की दिल्ली यूनिट ने सीमा पार से हो रही



ड्रग्स की तस्करी के बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है ।ईड़ी ने इस रैकेट के 6 सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। ड्रग्स के तस्करों ने गुजरात के समुद्री मार्ग से ईरान और अफगानिस्तान से यह ड्रग्स लाई जाती है ।इसके बाद इसे मध्य प्रदेश के शिवपुरी में भंडारण किया जाता है। शिवपुरी से पंजाब और हरियाणा भेजने का खुलासा ईड़ी ने किया है।
ईड़ी की टीम ने मुंबई के नहाव शेवा पोर्ट पर 293.81 किलोग्राम हीरोइन जप्त की है ।इसे संधू एक्सपोर्टर्स के आयातित माल से लदे कंटेनर मैं छिपा कर रखा हुआ था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने फरीदाबाद (हरियाणा) में दो वाहनों और एक फ्लैट से 352.71 किलोग्राम हीरोइन जप्त की है। यह मामला मनी लांडरिंग से जुड़ गया है। केंद्रीय वयपर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने पिछले कई दिनों से संधू एक्सपोटर्स पर नजर रखी जा रही थी। उसके बाद इस रैकेट का खुलासा हुआ ।ईड़ी के अधिकारियों को 6 लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित हुई है। तस्करों की गतिविधियों का मुख्य केंद्र मध्य प्रदेश का शिवपुरी,नीमच और मंदसौर बना हुआ है। 3 साल पहले भी शिवपुरी के कोलारस से 294 किलो ड्रग्स पकड़ी गई थी। संधु एक्सपोर्ट एक शेल कंपनी है। जिसका मालिक पंजाब का प्रभजीत सिंह बताया जा रहा है। ईड़ी ने अपने हाथ में यह मामला ले लिया है। जल्द ही और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

### आतंकियों के पास मिली एम4 कार्बाइन

**नई दिल्ली ।** आतंकियों के पास अमेरिकी असॉल्ट राइफल एम4 कार्बाइन के मिलने की घटना ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ गई है। हाल ही में गांदरबल और कठुआ में आतंकियों के पास यह राइफलें मिली हैं, जो सवाल उठाती हैं कि ये हथियार उन्हें कहां से मिले। इन राइफलों का अधिकांश हिस्सा ईराक, सीरिया, अफगानिस्तान और यमन से प्राप्त हुआ है। आतंकियों ने अमेरिकी और स्थानीय सेनाओं से इन हथियारों को लूटकर या चोरी करके अपने पास रखा है। वैश्विक उपस्थिति में एम4 कार्बाइन का उपयोग कई देशों की सेनाओं द्वारा किया जाता है, जिससे यह ब्लैक मार्केट में आसानी से मिल जाती है। अमेरिकी राइफल एम4 कार्बाइन को एके-47 के समान विश्वसनीय और टिकाऊ माना जाता है।

# वायु गुणवत्ता पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को लगाई फटकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में तेजी से बिगड़ती वायु गुणवत्ता पर नियंत्रण करने में विफल रहने पर केंद्र और राज्यों को कड़ी फटकार लगाई है। अदालत ने कहा है, कि शुद्ध हवा न मिलना लोगों के मौलिक अधिकार का हनन है, जो संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत प्रदूषण मुक्त वातावरण में जीने का अधिकार देता है।
जस्टिस अभय एस. ओका की बेंच ने बुधवार को केंद्र और पंजाब-हरियाणा सरकारों से पूछा कि वे इस मौलिक अधिकार की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठा रही हैं। कोर्ट ने विशेष रूप से पराली जलाने के मुद्दे पर सख्त टिप्पणी की और कहा कि अधिकारियों ने नाममात्र की कार्रवाई की है। अदालत ने यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण अधिनियम को दंतहीन बना दिया गया है, जिससे कार्रवाई के प्रावधान कमजोर हो गए हैं। अदालत ने सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार ने लोगों को आदेशों का उल्लंघन करने का लाइसेंस दे दिया है।
वहीं, न्याय मित्र द्वारा आगाह किया गया है कि दिवाली के बाद दिल्ली एक गैस चैंबर बन जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कड़े कदम उठाने और वायु प्रदूषण को रोकने के लिए ठोस कार्रवाई करने को कहा है, ताकि जनता के जीवन की गुणवत्ता सुरक्षित रहे।

# इंडोनेशिया में प्रवेश कर रहे रोहिंग्याओं का विरोध

एजेंसी

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के उत्तरी प्रांत आचे में स्थानीय निवासियों ने रोहिंग्या मुस्लिमों को अपने क्षेत्र में प्रवेश करने से रोकते हुए उन्हें नाव से उतरने नहीं दिया। ये सभी एक लकड़ी की नाव के जरिए यहां पहुंचे थे। जानकारी अनुसार रविवार को नाव से 140 रोहिंग्या मुस्लिम, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल थे, आचे के तट से लगभग 1 मील की दूरी पर पहुंचे थे। यहां मौजूद स्थानीय लोगों ने उन्हें नाव से उतरने की अनुमति नहीं दी। मछुआरा समुदाय के नेता मोहम्मद जबल ने कहा कि स्थानीय लोग उन्हें इसलिए उतरने नहीं दे रहे हैं क्योंकि उनका मानना है कि जहां भी ये लोग गए, वहां स्थानीय समुदाय के बीच अशांति फैली है। विरोधस्वरूप बंदरगाह पर एक बड़ा बैनर लगाया गया, जिसमें लिखा था, साउथ आचे रीजेंसी के लोग इस क्षेत्र में रोहिंग्या शरणार्थियों के आगमन को अस्वीकार करते हैं। नाव पर सवार लोगों ने बताया कि वे बांग्लादेश के कॉक्स बाजार से 9 अक्टूबर को मलेशिया के लिए रवाना हुए थे। हालांकि, उनकी यात्रा बीच में ही आचे के तट पर समाप्त हो गई। यात्रा के दौरान तीन शरणार्थियों की मौत हो गई, और 11 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया।
स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद, शरणार्थियों को भोजन-पानी की सहायता दी गई है, जिसे संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी ने उपलब्ध कराया है। पुलिस के मुताबिक नाव के कुल 216 यात्रियों में से 50 लोग पहले ही इंडोनेशिया के रियाउ प्रांत में उतर चुके हैं।

### ओवन में मिला महिला कर्मचारी का शव

**ओटावा।** कनाडा के हैलिफैक्स शहर स्थित वॉलमार्ट स्टोर के ह्यबेकरी डिपार्टमेंट में एक बड़े ह्यवॉक-इन ओवन में 19 वर्षीय सिख महिला कर्मचारी का शव बरामद हुआ है। घटना की जानकारी के संबंध में हैलिफैक्स क्षेत्रीय पुलिस ने सूचना मिलने की बात कही है। पुलिस के मुताबिक यह घटना 6990 मम्फोर्ड रोड स्थित वॉलमार्ट में हुई, जिसकी शनिवार रात करीब 9:30 बजे सूचना पुलिस को मिली। मृत महिला स्टोर में काम करती थी, लेकिन महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने ह्यवॉक-इन ओवन से शव बरामद कर लिया है। वहीं दूसरी तरफ मैरीटाइम सिख सोसाइटी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतका उनके अपने समुदाय की ही सदस्य थी। मैरीटाइम सिख सोसाइटी सदस्य अनमोलप्रीत सिंह का कहना था।

# रेलवे सुरक्षा बल ने अपने बहादुरों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

- शहीद सप्ताह के दौरान नौ भारतीय राज्यों के 14 शहीदों के गांवों का किया गया दौरा

एजेंसी

**कोलकाता ।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) चल रहे 'शहीद सप्ताह' स्मरणोत्सव के हिस्से के रूप में पिछले वर्ष ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले अपने 14 कर्मियों को श्रद्धांजलि दे रहा है। सम्मान और स्मृति के प्रतीक के रूप में, आरपीएफ अधिकारी नौ राज्यों में इन बहादुर व्यक्तियों के अल्मा मेटर्स और पैतृक गांवों का दौरा कर रहे हैं। ये भावपूर्ण श्रद्धांजलि आरपीएफ और इन साहसी आत्माओं को आकार देने वाले समुदायों के बीच गहरे संबंध को बढ़ावा दे रही है, साथ ही उनके बलिदान के महत्व पर भी जोर दे




रही है। सम्मानित होने वाले शहीदों में ईस्ट कोस्ट रेलवे के आरपीएफ हेड कांस्टेबल श्री निराकर बेहरा भी शामिल हैं, जिन्होंने फरवरी 2024 में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। 21 अक्टूबर को खुर्दा रोड डिवीजन के आरपीएफ कर्मियों द्वारा उनके अल्मा मेटर, एमई स्कूल, नेट्टंगा, ओडिशा के गंजम जिले में एक स्मारक सेवा आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम में उनके परिवार, दोस्तों और सहकर्मियों की एक भावनात्मक सभा देखी गई। उनकी विधवा श्रीमती गीतांजलि बेहरा ने अपने पति के बलिदान को मान्यता देने के लिए गहरी कृतज्ञता व्यक्त की रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक श्री मनोज यादव ने कहा, ह्इनमें से प्रत्येक बहादुर आत्मा ने सेवा और बलिदान के उच्चतम आदर्शों का उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी विरासत हमें हमेशा हमारे रेलवे और यात्रियों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगी।

# पीएम इंटर्नशिप योजना: करके सीखने के विचार का लोकतंत्रीकरण

**वी. अनंत नागेश्वरन और दीक्षा सुप्याल बिष्ट**

**कल्पना** कीजिए रीना (काल्पनिक नाम) के बारे में, जो देश के तीसरी श्रेणी के एक शहर के एक राज्यस्तरीय विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले एक कॉलेज से वाणिज्य में स्नातक है। उसके कॉलेज में कोई प्लेसमेंट सेल नहीं है और शैक्षणिक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बावजूद, शिक्षा प्राप्ति के बाद के उसके विकल्प सरकारी नौकरी की परीक्षा की तैयारी, पड़ोस के स्कूल में पढ़ाने (जिसके लिए उसके पास योग्यता हो भी सकती है और नहीं भी) या शादी कर लेने तक ही सीमित हैं। कुल मिलाकर, देश के एक तिहाई युवाओं (15-29 वर्ष की आयु के) और आधी से अधिक युवतियों की उपस्थिति शिक्षा, रोजगार या प्रशिक्षण के क्षेत्र में नहीं हैं । यही नहीं, देश के युवाओं का एक बड़ा वर्ग किसी निजी कंपनी द्वारा नौकरी पर रखे जाने से कोसों दूर है। इस संदर्भ में, हाल ही में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) युवा सशक्तीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता द्वारा समर्थित एक बाजार-आधारित और युवाओं द्वारा संचालित समाधान पेश करती है।
पीएमआईएस को युवाओं के एक विशिष्ट समूह को शीर्ष 500 कंपनियों में 12 महीने की इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। कम आय वाले परिवारों के 21-24 वर्ष की आयु और मैट्रिक से लेकर स्नातक तक (आईआईटी स्नातक, सीए, आदि को छोड़कर) की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवा इस योजना के पात्र हैं। यह योजना 5000 रुपये का मासिक स्टाइपेंड प्रदान करती है, जिसे सरकार (4500 रुपये) और कंपनी (500 रुपये) द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया जाता है। साथ ही, आकस्मिक व्यय के लिए अतिरिक्त 6000 रुपए भी दिए जाते हैं। इस योजना के प्रायोगिक चरण का लक्ष्य 2024 में 1.25 लाख युवाओं को लाभान्वित करना है, जबकि पांच वर्ष में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप की सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य है। इस योजना के तहत खर्च के लिए कंपनियां अपने सीएसआर फंड का भी उपयोग कर सकती हैं।
लंबे समय से इंटर्नशिप को युवा उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद एक व्यवस्था के रूप में जाना जाता रहा है। शिक्षा से जुड़े शोधकताओं और शिक्षण से संबंधित वैज्ञानिकों ने कार्य-आधारित शिक्षा के महत्व को पहचाना है। डेविड कोल्ब्स, जॉन डेवी, कर्ट लुईस एवं कई अन्य विद्वानों द्वारा प्रवर्तित अनुभवात्मक शिक्षण से संबंधित दृष्टिकोण, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार श्रमशक्ति के विकास के महत्वपूर्ण साधन साबित हुए हैं। इंटर्नशिप वास्तव में संवाद, सहयोग, रचनात्मकता और




आलोचनात्मक सोच को बेहतर बनाती है।
युवा उम्मीदवारों के लिए, पीएमआईएस के तहत प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप न केवल अवसर हैं बल्कि परिवर्तनकारी अनुभव भी हैं। वे कॉरपोरेट जगत की वास्तविक दुनिया से परिचित कराती हैं, जो देश भर के अधिकांश कॉलेजों में पढ़ाई जाने वाली शिक्षा की अपेक्षाकृत अधिक व्यवस्थित एवं स्थिर दुनिया से काफी भिन्न है। अपने करियर की सर्वोत्तम राह को विकसित करने और पहचानने के अलावा, उम्मीदवार जिम्मेदारी संभालने, समस्या के समाधान, निर्णय लेने, टीम वर्क और समय के प्रबंधन के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी हासिल कर सकते हैं। इंटर्नशिप प्रवेश से संबंधित उन बाधाओं को भी तोड़ देती है, जिससे छोटे शहरों व गांवों के प्रतिभाशाली, ईमानदार और समर्पित युवाओं को भी जूझना पड़ता है। इन बाधाओं में धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना, ई-मेल से जुड़ा शिष्टाचार, कंप्यूटर व एमएस ऑफिस का उपयोग करना या विश्वसनीय एवं सर्वाधिक प्रासंगिक जानकारी के लिए इंटरनेट पर खोज करने जैसी बुनियादी चीजें शामिल हैं। देश के प्रमुख संस्थानों एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में जहां इंटर्नशिप प्रचलन में है, वहीं कैरियर संबंधी परामर्श एवं नौकरी-उन्मुख नेटवर्किंग की कमी के कारण राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में, यह एक असामान्य चीज बनी हुई है। इन्हीं राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में अधिकांश युवा पढ़ते हैं। इस तरह, पीएमआईएस के जरिए बड़े पैमाने पर प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप गैर-मेट्रो शहरों के युवाओं के लिए समान अवसर प्रदान करती है और संभावित प्लेसमेंट के लिए दरवाजे खोलने का काम करती है। व्यक्तिगत स्तर पर, नई मिली आर्थिक आजादी आत्मविश्वास बढ़ाती है और युवा प्रतिभाओं को बेहतर करने और ऊंचे लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित करती है। युवतियों के मामले में, आर्थिक आजादी और आत्म-मूल्य की भावना शादी की उम्र और विवाह के पूर्व की शर्तें जैसी जीवन के फैसलों में बदलाव ला सकती है। नियोक्ता के लिए, इंटर्नशिप न केवल दीर्घकालिक रोजगार के लिए उम्मीदवार की उपयुक्तता का परीक्षण करने का कम लागत वाला बेहतरीन प्रयोग है, बल्कि कौशल संबंधी अंतर को पाटने और उसके सीएसआर संबंधी उद्देश्यों को पूरा करने का एक रणनीतिक उपकरण भी है। 12 महीनों के दौरान, कंपनी विश्वसनीय रूप से एक प्रशिक्षु के आईक्यू और ईक्यू का आकलन कर सकती है और आत्मविश्वास के साथ ह्नप्रवृति के लिए नियुक्ति और कौशल के लिए प्रशिक्षण की बहुप्रशंसित रणनीति को लागू कर सकती है। व्यापक स्तर पर अर्थव्यवस्था की दृष्टि से, पीएमआईएस राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और यह युवाओं के रोजगार को बढ़ावा देने एवं वंचित पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं में समानता लाने का एक तात्कालिक उपाय है। शिक्षा पूरी कर चुके युवाओं के लिए एक फिनिशिंग स्कूल के रूप में कार्य करके, इंटर्नशिप अर्थव्यवस्था में ह्यरोजगार रहित प्रतिभाह्न के भारी नुकसान को कम करने में मदद करती है। आने वाले एआई के युग में, शिक्षा से लेकर रोजगार तक की ऐसी कड़ी और भी महत्वपूर्ण साबित होगी, जहां नौकरी के लिए उपयुक्तता परिवर्तन एवं जीवन कौशल के प्रति अनुकूलनशीलता द्वारा निर्धारित की जाएगी। दीर्घकालिक अवधि में, यह मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में पूंजी और श्रम के बीच के अनुपात को भी प्रभावित कर सकती है।
जैसा कि कहा गया है, कंपनियों में बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं को वास्तविक रूप से समायोजित करने, शीर्ष 500 कंपनियों को श्रेणी-2 और श्रेणी-3 वाले शहरों से आने वाले प्रशिक्षुओं को नियुक्त करने और किसी अभ्यर्थी को उसके शहर से बाहर स्थानांतरित करने की आवश्यकता होने पर पर्याप्त मात्रा में मासिक स्टाइपेंड की उपलब्धता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इस संबंध में दूरस्थ कार्य की व्यवस्था, गैर-मेट्रो कार्यालयों एवं कारखानों में भर्ती, और कंपनी द्वारा अतिरिक्त स्टाइपेंड संभावित समाधान हो सकते हैं।
इस प्रकार, पीएमआईएस रोजगार सृजन का एक ऐसा उत्प्रेरक है जिसके व्यापक प्रचार और सावधानीपूर्वक कार्यान्वयन की आवश्यकता है। इसका लक्ष्य लगातार भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश के साथ बेहतर तालमेल बिठाना है। इस योजना के शुभारंभ के बाद से कॉरपोरेट जगत द्वारा दिखाई गई अत्यधिक रुचि भारतीय युवाओं को कुशल बनाने, उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ावा देने और उनकी आजीविका को बेहतर बनाने के इस योजना के लक्ष्य की सफलता की दृष्टि से एक अच्छा संकेत है।

# कमला हैरिस ने ट्रंप के खिलाफ चुनावी रेस में नई रणनीति अपनाई

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अगले माह तय हो जाएगा कि अमेरिका में राष्ट्रपति कौन होगा। इससे पहले राष्ट्रपति चुनाव कमला हैरिस ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ चुनावी रेस में एक नई रणनीति अपनाई है, जिसमें उन्होंने ट्रंप की उम्र और उनकी ऊर्जा पर सवाल उठाए हैं। हैरिस का यह कदम न केवल उनकी राजनीतिक पहचान को स्थापित करने का प्रयास है, बल्कि यह ट्रंप के प्रति जनता की धारणा को भी प्रभावित करने की कोशिश है। दोनों उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है, जिससे आगामी चुनावों की सटीक भविष्यवाणी करना मुश्किल हो रहा है। हैरिस ने कहा है कि वह भावी पीढ़ी की लीडरशिप का प्रतिनिधित्व करती हैं और उनका कार्यकाल वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी ट्रंप के कार्यकाल से अलग होगा। यह बयान उनकी युवा पहचान को मजबूत करने और युवा मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास है। कमला हैरिस ने अपने प्रचार अभियान के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें ट्रंप प्रचार रैली के दौरान थके हुए दिखाई दे रहे हैं। हैरिस के अभियान ने इस वीडियो के माध्यम से सवाल उठाया है कि क्या ट्रंप, जो इतनी थकान में हैं, अमेरिका के राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी निभाने के लिए



उपयुक्त हैं। यह रणनीति उनके लिए महत्वपूर्ण है, खासकर जब से उन्होंने डेमोक्रेट पार्टी के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में अपनी स्थिति बनाई है। गैलप पोल के अनुसार, ट्रंप और हैरिस दोनों ही अमेरिका के सबसे अलोकप्रिय राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों में शामिल हैं। इस पोल में ट्रंप को 50 प्रतिशत और हैरिस को 48 प्रतिशत समर्थन मिला है, जो इस बात को दशार्ता है कि चुनाव परिणामों को लेकर असमंजस की स्थिति बन रही है। ट्रंप पर उम्र और ऊर्जा का यह हमला दरअसल उस रणनीति का प्रतिकृति है, जिसे पहले ट्रंप ने बाइडेन के खिलाफ इस्तेमाल किया था। यह न केवल हैरिस की राजनीतिक क्षमता को चुनौती देने वाला कदम है, बल्कि यह दशार्ता है कि अमेरिका की राजनीति में अब उम्र और ऊर्जा के मुद्दे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगे हैं। आगामी चुनावों में इन मुद्दों का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिलेगा।

# न्यूजीलैंड की पहली पारी 259 रन पर सिमटी

एजेंसी

**पुणे।** न्यूजीलैंड ने यहां महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन अपनी पहली पारी में 259 रन बनाए, न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉनवे (76) और रचिन रवींद्र (65) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि भारत के लिए वाशिंगटन सुंदर ने सात विकेट लिए।




इस मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कप्तान टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे ने न्यूजीलैंड को सधी शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े। रविचंद्रन अश्विन ने इसी स्कोर पर लैथम को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। लैथमने 15 रन बनाए। अश्विन ने 76 के कुल स्कोर पर विल यंग को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। यंग ने 18 रन बनाए। इसके बाद कॉनवे और रचिन रवींद्र ने तीसरे विकेट के लिए 62 रनों की साझेदारी की। इस दौरान कॉनवे ने अपना अर्धशतक पूरा किया। 138 के कुल स्कोर पर कॉनवे को अश्विन ने आउट कर भारत को तीसरी सफलता सफलता दिलाई। कॉनवे ने 141 गेंदों पर 11 चौकों की बदौलत 76 रन बनाए।

यहां से वाशिंगटन सुंदर ने अपना जादू चलाया और कीवी बल्लेबाजों को अपनी फिरकी पर जमकर नचाया। उन्होंने 197 के स्कोर पर रचिन रवींद्र को आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। रवींद्र ने 65 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इसके बाद सुंदर ने एक के बाद एक कीवी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजना शुरू किया और अंत में मिचेल सेंटनर (33) को 259 के कुल स्कोर पर बोल्ड कर न्यूजीलैंड की पारी समाप्त की। संदर ने 23.1 ओवर में 59 रन देकर 7 विकेट लिये, जबकि रविचंद्रन ने 3 विकेट लिए।

### भारत ने इस मैच में किये तीन बदलाव

इसके पहले भारत ने इस मैच के लिए अपनी टीम में तीन बदलाव किये, केएल राहुल, कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज को बाहर कर दिया गया और शुभमन गिल वाशिंगटन सुंदर और आकाशदीप को शामिल किया गया। जबकि न्यूजीलैंड ने भी अपनी टीम में एक बदलाव किया। तेज गेंदबाज मैट हेनरी की जगह स्पिनर मिचेल सैंटनर को टीम में शामिल किया।

## मेजर लीग बेसबॉल के रियलिटी स्पोर्ट्स सीरीज का हिस्सा बने शिखर धवन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मेजर लीग बेसबॉल (एमएलबी) ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन को भारत में खेल के विकास को दशार्ने वाली एक रियलिटी स्पोर्ट्स सीरीज का हिस्सा बनने के लिए चुना है। यह सीरीज 25 अक्टूबर, 2024 को लॉन्च होगी।



चार-एपिसोड की इस सीरीज में धवन, 5 बार ऑल-स्टार स्लगर एडम जोन्स और खेल प्रस्तोता जतिन सप्रू शामिल हैं। यह सीरीज डिज्नी स्टार के सहयोग से बनाई गई है, जिसका शीर्षक 'हॉटशॉट्स' है। 'हॉटशॉट्स' देश के 10 सर्वश्रेष्ठ शौकिया बल्लेबाजों की हिटिंग क्षमता का परीक्षण करता है, जिसमें विजेता को 15 लाख रुपये का शीर्ष पुरस्कार दिया जाता है। शिखर और एडम इन प्रतियोगियों को कोचिंग देंगे। 'हॉटशॉट्स' पिछले साल के 'इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स' का अनुसरण करता है, और 2023 में एमएलबी ड्राफ्ट के पहले दौर में चुने जाने वाले पहले-पीढ़ी के भारतीय अमेरिकी अर्जुन निम्माला की प्रेरक वास्तविक जीवन की कहानी बताता है। सीरीज की रिलीज 26 अक्टूबर को निर्धारित 120वीं वर्ल्ड सीरीज की शुरूआत के साथ होगी। 'हॉटशॉट्स' में भाग लेने पर शिखर धवन ने कहा, ₹मैं बहुत उत्साहित हूँ! एक मेजर लीग बेसबॉल प्रतियोगिता हो रही है जिसमें क्रिकेटर और बेसबॉल खिलाड़ी दोनों भाग ले रहे हैं। यह भारत में अपनी तरह की पहली प्रतियोगिता है।

## खास खबर

### रानी रामपाल ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने गुरुवार को संन्यास की घोषणा की, जिससे उनका 16 साल का शानदार करियर समाप्त हो गया। टोक्यो ओलंपिक में भारत को ऐतिहासिक चौथे स्थान पर पहुंचाने वाली रानी आगामी महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में पंजाब और हरियाणा के सूरमा हॉकी क्लब की मेंटर और कोच होंगी, जिसका आगाज इस साल के अंत में होगा। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से कहा, ₹यह एक शानदार यात्रा रही है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत के लिए इतने लंबे समय तक खेलूंगी। मैंने बचपन से बहुत गरीबी देखी है, लेकिन मेरा ध्यान हमेशा कुछ करने, देश का प्रतिनिधित्व करने पर था। टोक्यो ओलंपिक के बाद हैमस्ट्रिंग की चोट से मजबूत वापसी करने के बावजूद, रानी पूर्व कोच जेनेके शोपमैन के पक्ष में नहीं थीं और राष्ट्रीय टीम के लिए ज्यादा खेल नहीं पाईं। उन्हें हाल ही में सब-जूनियर महिला खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय कोच के रूप में शामिल किया गया था। रानी रामपाल ने 254 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और कुल 205 गोल किए।

### विश्वजीत मोरे ने जीता कांस्य

**नई दिल्ली।** विश्वजीत मोरे ने बुधवार को अल्बानिया के तिराना में अंडर-23 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों के 55 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में कांस्य जीतकर भारत के लिए पहला पदक हासिल किया। उन्होंने रोमांचक मुकाबले में एडम उल्बाशेव को 14-10 के स्कोर से हराया। यह उपलब्धि इस चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक है। अली अब्दुल्ला अहमदी वाफा ने रशद मम्मादोव को 11-3 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोहेल यामागीवा ने मोरे के साथ कांस्य पदक साझा किया। मोरे शुरूआती बढ़त के बावजूद सेमीफाइनल में वाफा से 5-14 से हार गए थे। इससे पहले, अंजली ने महिलाओं की 59 किग्रा श्रेणी में इटली की ऑरोरा रूसो के खिलाफ 4-0 के स्कोर के साथ जीत हासिल करके फाइनल में प्रवेश किया।

### पाक टेस्ट टीम से बाहर हुए मीर हमजा

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान ने तेज गेंदबाज मीर हमजा को टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया है ताकि वह कराची में अपने रिहैबिलिटेशन पर काम कर सकें। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रावलपिंडी में पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच तीसरे और निर्णायक टेस्ट के पहले दिन इस बात की घोषणा की। 32 वर्षीय इस खिलाड़ी को अपने दाहिने ग्लूट में कुछ परेशानी थी। तीसरे टेस्ट से पहले उन्होंने पाकिस्तान के किसी भी सत्र में ट्रेनिंग या गेंदबाजी नहीं की और मंगलवार को उन्हें पाकिस्तान टीम के फिजियोथेरेपिस्ट के साथ बैंड रिहैबिलिटेशन एक्सरसाइज करते देखा गया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को पहले और आखिरी दो टेस्ट के लिए घोषित टीम में शामिल किया गया था। लेकिन, पूरी सीरीज के दौरान उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली। उन्होंने आखिरी बार पाकिस्तान के लिए रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में खेला था। उन्होंने 42.08 की औसत से इतनी ही पारियों में 12 विकेट लिए हैं।

# इमर्जिंग टीम एशिया कप : सेमीफाइनल में पहुंचीं चार टीमें

एजेंसी

**अल अमेरात ।** इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 का नॉकआउट दौर शुरू हो चुका है, जिसमें सेमीफाइनल के लिए चार टीमों का चयन हो गया है। इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया, जिसमें बांग्लादेश ए और हांगकांग ग्रुप ए से सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रहीं। इसी तरह, भारत के ग्रुप बी से यूएई और ओमान की टीमें भी अंतिम चार का टिकट कटाने में चूक गईं।

इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 के दोनों सेमीफाइनल 25 अक्टूबर को खेले जाएंगे। पहले सेमीफाइनल में श्रीलंका और पाकिस्तान की टीमें टकराएंगी।



श्रीलंका ने ग्रुप ए से जबकि पाकिस्तान ने ग्रुप बी से अंतिम चार में जगह बनाई है। यह मुकाबला अल अमेरात में भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे शुरू होगा। उसी दिन, दूसरे सेमीफाइनल में भारत और अफगानिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी, जो शाम 7 बजे से खेला जाएगा। श्रीलंका ने टूर्नामेंट में अपने तीन मैचों में से दो जीतकर 4 अंक हासिल किए और ग्रुप ए में टॉप पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंचा। अफगानिस्तान ने भी 2 मैच जीतकर दूसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई, लेकिन उसका नेट रन रेट श्रीलंका से कम था। भारत ने अपने सभी तीन मैच जीतकर 6 अंक प्राप्त किए और ग्रुप बी में पहले स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में एंट्री पाई। पाकिस्तान ने भी अपने तीन में से दो मैच जीतकर अंतिम चार में स्थान सुनिश्चित किया। भारत ने अपने आखिरी लीग मैच में ओमान को 6 विकेट से हराया। आयुष बडोनी की आक्रामक अर्धशतकीय पारी के दम पर भारत ने 28 गेंद शेष रहते ओमान को शिकस्त दी। भारतीय टीम ने ओमान को 140 रनों पर रोकने के बाद 15.2 ओवर में चार विकेट पर 146 रन बनाकर आसानी से जीत दर्ज की। वहीं, पाकिस्तान ने अपने आखिरी लीग मुकाबले में यूएई को 114 रन से पराजित किया।

# रबाडा ने मोर्कल को पीछे छोड़कर बनाया नया रिकॉर्ड

एजेंसी

**ढाका।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए मोर्ने मोर्कल को पीछे छोड़ दिया और प्रोटियाज के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पांचवे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। इस मैच के दौरान, रबाडा ने बांग्लादेश की दूसरी पारी में 17.5 ओवर में 6 विकेट लेते हुए केवल 46 रन दिए। उनके विकेटों में महमूदुल हसन जॉय, शादमान इस्लाम, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहीम, मेहदी हसन मिराज, और नईम हसन शामिल थे। रबाडा ने अब तक 231 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 24.18 की औसत से 536 विकेट लिए हैं। इसके साथ ही, मोर्ने मोर्कल ने अपने करियर में 535 विकेट लिए थे, जिसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7/112 रहा है। दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज दिग्गज ऑलराउंडर शॉन पोलक हैं, जिन्होंने 414 मैचों में 23.63 की औसत से 823 विकेट लिए हैं। पोलक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7/87 रहा है। रबाडा ने बांग्लादेश की पहली पारी में 300 टेस्ट विकेट तक पहुंचने वाले छठे दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज बनने की भी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने यह उपलब्धि 11,817 गेंदों में प्राप्त की, जो कि किसी भी गेंदबाज द्वारा अब तक का सबसे तेज आंकड़ा है। वर्तमान में उनके नाम 308 टेस्ट विकेट हैं। पहली पारी में उन्होंने 11 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट चटकाए। रबाडा के इस शानदार प्रदर्शन के चलते दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 107 रनों का लक्ष्य मिला। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश केवल 106 रन पर आउट हो गया, जिसमें महमूदुल हसन ने 30 रन बनाकर शीर्ष स्कोर किया।



# टीम इंडिया किसी के सामने झुकना नहीं चाहती : ब्रेट ली

एजेंसी

**सिडनी ।** भारतीय टीम को एक ऐसी ह्यमजबूत टीम बताया है जो किसी के सामने झुकना नहीं चाहती। यह कहना है ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली का। अपने हमवतन खिलाड़ियों को उन्होंने टीम इंडिया को लेकर आगाह किया जो आगामी पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में टीम इंडिया से भिड़ेंगे।

बेंगलुरू में पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की आठ विकेट की हार के बाद ली की यह प्रतिक्रिया आई है। भारत की नजरें लगातार तीसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी हैं और टीम बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपने खिताब की रक्षा के लिए अगले महीने ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। ली ने कहा, ह्यआज के दिन और पीढ़ी में भारत शक्तिशाली टीम है जो किसी के सामने झुकना नहीं चाहती। उन्हें पता है कि कैसे जीत दर्ज करनी है और उन्हें पता है कि वे ऑस्ट्रेलिया को कैसे हरा सकते हैं। उन्हें पता है कि वे न्यूजीलैंड को कैसे हरा सकते हैं। उन्हें पता है कि वे किसी भी दिन किसी भी टीम को हरा सकते हैं। बेंगलुरू टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के प्रदर्शन पर ली ने कहा कि उन्हें लगता है कि वे शायद ह्यबैजबॉल (बेहद आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) से प्रभावित हो गए थे जिसके कारण कुछ खराब शॉट खेले। ली ने कहा, ह्यभारत रक्षात्मक होकर नहीं खेलना चाहता। शायद बैजबॉल दुनिया भर के अन्य क्रिकेटरों को भी प्रभावित कर रहा है।

## उप्र पुलिस वार्षिक घुड़सवारी प्रतियोगिता शुरू

**मुरादाबाद।** डॉ भीमराव आम्बेडकर उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी के घुड़सवारी मैदान में गुरुवार को चार दिवसीय 26वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक घुड़सवारी प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय मुरादाबाद में अपर पुलिस महानिदेशक अमित चन्द्रा द्वारा किया। प्रतियोगिता का समापन 27 अक्टूबर को होगा। उप्र पुलिस वार्षिक घुड़सवारी प्रतियोगिता में मुरादाबाद, लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ, मेरठ, बरेली की घुड़सवारी टीमें प्रतिभाग कर रही है। प्रतियोगिता में 85 प्रतिभागी और 45 घोड़े शामिल हैं। अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र कुमार ने बताया कि आज पहले दिन टीम टेन्ट पेगिंग, इण्डियन फाईल लॉन्स तथा सोर्ड, शो जम्पिंग प्रिमनलरी, डेसाज व्यक्तिगत टीम द्वारा हुई।

# जिम्बाब्वे ने टी20 में बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** नैरोबी के मैदान पर गाम्बिया के खिलाफ खेले गए टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम ने एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर जिम्बाब्वे ने 344 रन बनाकर टी20 में सर्वोच्च स्कोर का नया मानदंड तय किया। भारत ने हाल ही में हैदराबाद में संजू सैमसन की बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर 297 रन बनाए थे। जिम्बाब्वे की इस अद्भुत पारी की सबसे बड़ी हाइलाइट कप्तान सिकंदर रजा का प्रदर्शन रहा। उन्होंने महज 43 गेंदों पर 7 चौके और 15 छक्कों की मदद से 133 रन बनाकर अपनी टीम को एक विशाल स्कोर तक पहुंचाया। रजा ने 33 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया, जिससे वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इस सूची में पहले स्थान पर साहिल चौहान हैं, जिन्होंने 27 गेंदों पर शतक बनाया था। जिम्बाब्वे की शुरूआत तेजतर्रार रही। ब्रायन बेनेट और तादिवानाशे मारुमनी ने पहले विकेट के लिए तेज रन बनाने का सिलसिला शुरू किया। मारुमनी ने 5.4 ओवर में ही 98 रन पर टीम को पहुंचा दिया, जिसमें उन्होंने 19 गेंदों पर 9 चौके और 4 छक्कों के साथ 62 रन बनाए। मारुमनी के आउट होते ही डायोन मायर्स क्रीज पर आए, जिन्होंने 5 गेंदों पर 12 रन बनाए। इसके बाद रजा ने एक छोर को संभालते हुए अपनी हिटिंग जारी रखी। उनके साथ रियान बर्ल और क्लाइव का योगदान भी महत्वपूर्ण रहा। रियान ने 11 गेंदों पर 25 रन बनाए, जबकि क्लाइव ने 17 गेंदों पर 53 रन बनाकर जिमबाब्वे के स्कोर को 344 तक पहुंचाने में मदद की। गाम्बिया के गेंदबाजों के लिए यह मैच बेहद मुश्किल साबित हुआ।



नामीबिया के मूसा जोबरतेह ने 4 ओवर में 93 रन दिए, जो टी20 के इतिहास में सबसे महंगा स्पैल बन गया। इस शानदार प्रदर्शन ने जिमबाब्वे को क्रिकेट जगत में एक नई पहचान दिलाई है और सिकंदर रजा की बल्लेबाजी ने उन्हें एक नया सितारा बना दिया है। टी20 की एक पारी में 334-4 जिमबाब्वे बनाम गाम्बिया, अक्टूबर 2024, 314/3 नेपाल बनाम मंगोलिया सितंबर 2023, 297/6 भारत बनाम बांग्लादेश अक्टूबर 2024, 286/5 जिम्बाब्वे बनाम बनाम सेशेल्स, अक्टूबर 2024, 278/3 अफगानिस्तान बनाम आयरलैंड, फरवरी 2019 और 278/4 चेक रिपब्लिक बनाम टर्की, अगस्त 2019 में सर्वोच्च स्कोर रहा।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए शमी ने खुद को बताया फिट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पिछले साल टखने की सर्जरी के कारण भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी क्रिकेट से बाहर हैं, लेकिन हाल ही में उन्हें बेंगलुरु में टीम इंडिया के सहायक कोच अभिषेक नायर को गेंदबाजी करते हुए देखा गया। हालांकि, आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024 में उनके चयन के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन शमी ने खुद को फिट घोषित किया है।



उन्होंने कहा, मेरा टखना और घुटना ठीक है। मैं 80-90 प्रतिशत फिट हूं और एक तेज गेंदबाज से आप और क्या उम्मीद कर सकते हैं। मेरा लक्ष्य जल्द से जल्द मैदान पर वापसी करना है। जब उनसे सबसे फिट भारतीय खिलाड़ी का नाम पूछने पर, शमी ने विराट कोहली, शुभमन गिल, और रवींद्र जडेजा का नाम लिया। उन्होंने कहा, विराट कोहली उनमें से एक हैं। हमारे पास शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा हैं, जो फिट हैं। मैं बल्लेबाजों की बात कर रहा हूं। गेंदबाज हमेशा मजबूत होते हैं। शमी ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपने भविष्य को लेकर भी कुछ बातें कीं। उन्होंने कहा कि वे अपनी फ्रेंचाइजी के साथ निश्चित नहीं हैं, लेकिन यदि मौका मिला, तो वह किसी भी टीम की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा, अगर मौका मिलता है, तो मैं इंडियन प्रीमियर लीग में किसी भी फ्रेंचाइजी की कप्तानी करने के लिए तैयार हूं। यह खिलाड़ियों के प्रबंधन के बारे में है और आप उनमें से कई को पहले से ही जानते हैं। इससे पता चलता है कि मोहम्मद शमी अपनी फिटनेस पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और जल्द ही मैदान पर लौटने के लिए तैयार हैं। बता दें कि मोहम्मद शमी 2023 आईसीसी वनडे विश्व कप के बाद भारतीय टीम के लिए अपनी फिटनेस पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

# सिकंदर रजा ने तोड़ा विराट कोहली का रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने अपने शानदार प्रदर्शन से न केवल गाम्बिया के खिलाफ एक नया रिकॉर्ड बनाया, बल्कि भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली का भी टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार के मामले में रिकॉर्ड तोड़ दिया। सिकंदर रजा ने अपनी धुआंधार पारी के दम पर इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। यह उनका टी20इंटरनेशनल में 17वां प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड था, जिससे वह इस पुरस्कार को जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इससे पहले, विराट कोहली के नाम 16 बार यह पुरस्कार जीतने का रिकॉर्ड था। इस मैच में जिम्बाब्वे ने 20 ओवरों में 344/4 का स्कोर बनाकर टी20आई क्रिकेट में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। इसके अलावा, टी मारुमनी ने 19 गेंदों पर 62 रन और ब्रायन बेनेट ने 26 गेंदों पर 50 रन बनाकर जिम्बाब्वे की पारी को मजबूत आधार दिया। वेस्ले मधेवेरे ने भी 47 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया, जबकि क्लाइव मदांडे ने रजा के साथ मिलकर जिम्बाब्वे की पारी को अंतिम रूप दिया। सिकंदर रजा की इस अद्वितीय उपलब्धि ने उन्हें विश्व क्रिकेट में और भी महत्वपूर्ण बना दिया है, और जिम्बाब्वे क्रिकेट के लिए यह एक ऐतिहासिक पल है।



# भारत की हार के बावजूद हरमनप्रीत का आत्मविश्वास बरकरार

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह, जो अपनी गोल करने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में जर्मनी के खिलाफ खेले गए द्विपक्षीय हॉकी सीरीज के पहले मैच में महत्वपूर्ण पेनल्टी स्ट्रोक चूकने के बावजूद टीम के प्रदर्शन को लेकर सकारात्मकता दिखाई। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, यह खेल का हिस्सा है। मैंने गोलकीपर को चकमा दिया, लेकिन उसने अच्छा बचाव किया। अगर हम पूरे खेल को देखें, तो हमने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन डिफेंस में सुधार की आवश्यकता है। अगले मैच में हम उन कमियों पर काम करेंगे।



**जर्मनी का दबदबा**

मैच की शुरूआत में ही जर्मनी ने भारतीय सर्कल में पहला हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप हेनरिक मर्टगेंस ने जर्मनी के लिए पहला गोल किया। इसके बाद, जर्मनी ने बढ़त को दोगुना करने की कोशिश की, जबकि भारत कुछ मौके बनाने में असफल रहा। दूसरे क्वार्टर में, भारत ने जर्मनी को बैकफुट पर रखा और बराबरी की तलाश की। भारतीय टीम को तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन संजय, अमित और हरमनप्रीत इन मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहे। इसके बाद, तीन मिनट बचे रहने पर भारत को एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला, लेकिन जर्मन गोलकीपर जोशुआ ओनीक्यू ननाजी ने हरमनप्रीत का शॉट रोककर जर्मनी की बढ़त को बनाए रखा। हाफ के आखिरी मिनट में, जर्मनी ने पलटवार करते हुए एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। लुकास विंडफेडर ने गोलकीपर सूरज करकेरा और हरमनप्रीत के बीच गैप पाते हुए गोल दागा, जिससे जर्मनी की बढ़त 2-0 हो गई। तीसरे क्वार्टर में भारत ने कई प्रयास किए, लेकिन जर्मनी ने उनकी बढ़त को बचाए रखने में कोई कमी नहीं छोड़ी। भारत को पांचवें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन जर्मनी के गोलकीपर ने हरमनप्रीत की फ्लिक को रोक दिया।

**भारत का संघर्ष**

भारत ने जवाबी हमले की कोशिश की, लेकिन हरमनप्रीत का रिवर्स शॉट केवल साइड नेटिंग तक सीमित रहा। अंतिम क्वार्टर की शुरूआत में, जर्मनी ने अपनी बढ़त को और बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय डिफेंडर अमित रोहिदास ने किसी भी खतरे को टालने के लिए तत्परता दिखाई। दूसरी ओर, भारत ने अपने पहले गोल की तलाश में मेहनत जारी रखी, लेकिन गोल करने के मौके नहीं बना सका। मैच अंततः जर्मनी के पक्ष में 2-0 से समाप्त हुआ। हरमनप्रीत ने कहा कि टीम आत्मविश्वास के साथ अगले मुकाबले में वापसी करेगी। उनकी सकारात्मक सोच और अनुभव निश्चित रूप से भारतीय टीम के लिए आगे बढ़ने में सहायक होंगे। अब सभी की नजरें अगले मैच पर हैं, जहां भारत एक नए जोश के साथ अपनी वापसी करने की कोशिश करेगा। यह देखना होगा कि क्या भारतीय टीम अपनी कमियों पर काम कर सकेगी और जर्मनी के खिलाफ अगले मुकाबले में अपनी खोई हुई लय वापस पा सकेगी।



ऑस्ट्रिया के वियना में एर्स्टे बैंक टेनिस ओपन में चीन के झांग झिझेन/टॉमस मचैक और ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एर्लर/लुकास मिडलर के बीच पुरुष युगल राउंड ऑफ 16 मैच के दौरान प्रतिस्पर्धा करते अलेक्जेंडर एर्लर और लुकास मिडलर (दाएं)।



# श्रद्धा कपूर ने एक्टिंग पर की खुलकर बात,

## बताया कैसे बनीं प्रशंसकों की पसंद

फिल्म जगत की खूबसूरत और टैलेंटेड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी हालिया रिलीज फिल्मा स्त्री 2 की जबरदस्त सफलता का आनंद ले रही हैं। इस बीच अभिनेत्री ने आईएएनएस से प्रोफेशनल और पर्सनल मुद्दों पर खुलकर बात की।

अभिनेत्री ने बताया कि वह बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा स्टार्स में से एक क्यों हैं? हाल ही में लैक्मे फैशन वीक में कल्कि लेबल के लिए रनवे पर वॉक करने वाली अभिनेत्री ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा 'मेरा मानना है कि इंडस्ट्री में मेरी तरक्की के पीछे कई कारण हैं।

श्रद्धा ने कहा कि अलग-अलग तरह की भूमिकाएं चुनने से मुझे अपनी प्रतिभा दिखाने और दर्शकों से जुड़ने का मौका मिला है। अभिनेता शक्ति कपूर की बेटी ने कहा कि अपने प्रदर्शन से प्रशंसकों के साथ वास्तविक संबंध बनाने में मदद मिली है। इसके अलावा उन्होंने आत्म-सुधार के प्रति अपने लगन को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि मुझे इन बातों ने एक कलाकार के रूप में काफी कुछ सिखाया है।

इस बीच 'स्त्री 2' की सफलता पर बात करें तो फिल्म ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। 600 करोड़ बेंचमार्क, मैडॉक सुपरनैचुरल यूनिवर्स की पांचवीं किस्त है और 2018 की ब्लॉकबस्टर 'स्त्री' की अगली कड़ी है। फिल्म में श्रद्धा कपूर के साथ राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी भी अहम रोल में हैं।


हाल ही में अभिनेत्री का एक वीडियो काफी वायरल हुआ, जिसमें अभिनेत्री शाहरुख खान का नाम लेते हुए मजेदार अंदाज में पैपराजी को भटकाती नजर आ रही हैं।

रवीना टंडन की बेटी राशा के साथ डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी से बाहर निकलते हुए श्रद्धा पैपराजी से कहती नजर आ रही हैं कि अरे वो देखो शाहरुख खान, शाहरुख खान। उन्होंने ऐसा पैपराजी का ध्यान भटकाने के लिए किया, जो उन्हें घेरे खड़े थे।

श्रद्धा कपूर की गिनती फिल्म जगत की हिट अभिनेत्रियों में की जाती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी उनके अच्छे खासे फॉलोअर्स हैं। अभिनेत्री ने साल 2010 में 'तीन पत्ती' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। उनकी पहली हिट 'आश्की-2' थी। इसके बाद उनके करियर में कई उतार-चढ़ाव आए। श्रद्धा कपूर की झोली में कई हिट फिल्में हैं। इस सूची में 'स्त्री', 'स्त्री-2', 'तू झूठी मैं मक्का' जैसी फिल्में हैं।

श्रद्धा कपूर अक्सर अपने प्रोफेशनल के साथ ही पर्सनल मुद्दों पर भी खुलकर बात करती नजर आती हैं। इसी कड़ी में हाल ही में श्रद्धा कपूर ने रिलेशनशिप पर भी बात की थी। उन्होंने बताया था कि वह रिलेशन में हैं और उन्हें अपने पार्टनर के साथ समय बिताना पसंद है। इस बीच श्रद्धा कपूर के आगामी प्रोजेक्ट पर नजर डालें तो वह 'धूम' की चौथी किस्त में रणबीर कपूर के साथ काम करती नजर आएंगी।

## हिंदी और तमिल में बनेगी गजनी 2




बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान की सुपरहिट फिल्म गजनी की सीक्वल गजनी 2, हिंदी और तमिल भाषा में बनायी जा सकती है। वर्ष 2008 में प्रदर्शित आमिर खान की सुपरहिट फिल्म गजनी का सीक्वल बनने जा रहा है। निर्माता अल्लू अरविंद और मधु मंटेना ने इस फिल्म पर काम करना शुरू कर दिया है। फिल्म निर्माताओं ने तय किया है कि गजनी 2 को हिंदी और तमिल, दोनों भाषाओं में एक साथ बनाया जाएगा। साथ ही इसे एक ही दिन सिनेमाघरों में रिलीज़ भी किया जाएगा। हिंदी में गजनी 2, आमिर खान जबकि तमिल में यह फिल्म सूर्या के साथ बनायी जा सकती है। गजनी 2 को लेकर मेकर्स आमिर खान से मिले थे. उन्हें सीक्वल का आइडिया भी शेयर किया था। हाल ही में सूर्या ने भी कहा था कि गजनी 2 प्रोसेस में हैं और ये बन सकती है।अभी स्क्रिप्ट पर काम हो रहा है।

## खुद के बच्चे की कमी महसूस करते हैं अनुपम खेर ने

हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने खुलासा किया कि वह कभी-कभी अपने खुद के बच्चे की कमी महसूस करते हैं। अनुपम अक्सर अपने फैंस के साथ अपनी निजी जिंदगी और विचार साझा करते रहते हैं। अभिनेता ने यह बयान एक पॉडकास्ट में दिया, जब उनसे पूछा गया कि क्या वह कभी यह महसूस करते हैं कि उनका अपना बच्चा होता तो अच्छा होता। अनुपम खेर ने कहा, पहले मुझे इस बात का एहसास नहीं होता था, लेकिन पिछले 7-8 सालों से कभी-कभी ऐसा लगता है। यह इस वजह से नहीं है कि मुझे सिकंदर से कोई शिकायत है, बल्कि बच्चों के साथ समय बिताना, उन्हें बड़ा होते देखना और उनके साथ जुड़ाव बनाना बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि यह कोई बड़ी ट्रेजेडी नहीं है, लेकिन कभी-कभी यह सोचता हूं कि अगर मेरा भी बच्चा होता तो क्या अच्छा होता। उनकी पत्नी किरण खेर, जो एक प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं, पहले से ही एक बेटे की मां थीं, जिसका नाम सिकंदर है। अनुपम खेर ने अपनी शादी के बाद सिकंदर को अपना नाम दिया और उसे अपना बेटा मान लिया। सिकंदर, किरण के पहले पति से हैं, और अनुपम खेर ने हमेशा उसे अपने बच्चे की तरह पाला है। हालांकि, अनुपम ने स्वीकार किया कि सिकंदर के साथ उनकी बॉन्डिंग होते हुए भी कभी-कभी उन्हें अपने खुद के बच्चे की कमी महसूस होती है। अभिनेता ने इस बारे में और विस्तार से बात करते हुए कहा, मैं बहुत काम करता हूं। 50-55 साल गुजर गए हैं, और अब एहसास होता है कि बच्चों के साथ समय बिताना अच्छा लगता है। जब मेरी पत्नी किरण और सिकंदर दोनों ही व्यस्त हो गए थे, तब मुझे इसकी कमी महसूस होने लगी। अनुपम खेर ने कहा कि उन्हें अपनी ऑर्गेनाइजेशन में बच्चों के साथ काम करते वक्त भी यह अहसास होता है कि अगर उनका भी बच्चा होता तो वह अपने बच्चे के साथ अधिक जुड़ाव महसूस कर पाते।






## फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स शो की हो रही चर्चा

फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स के तीसरा सीजन में बॉलीवुड की कई जानी-मानी पत्नियों के साथ-साथ तीन नए चेहरे भी शामिल हैं - रिद्धिमा कपूर साहनी, शालिनी पासी और कल्याणी साहा। इस सीजन में सबसे बड़ा खुलासा सीमा सजदेह ने किया है। सलमान खान के छोटे भाई सोहेल खान की पूर्व पत्नी सीमा सजदेह ने शो के पहले एपिसोड में अपनी लव लाइफ पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि वह इन दिनों किसी शख्स को डेट कर रही हैं। इस चर्चा के दौरान सीमा ने अपनी तलाक के बाद की जिंदगी, संघर्ष और नए रिश्ते के बारे में भी साझा किया। सीमा सजदेह ने शो में दिल्ली की सोशलाइट कल्याणी के साथ अपने सिंगल लाइफ के अनुभव शेयर किए। कल्याणी ने भी साल 2006 में अपने पति से अलग होने के बाद के संघर्षों का जिक्र किया। सीमा ने भी अपनी तलाक की प्रक्रिया और उसके बाद के बदलावों पर विस्तार से बात की। इस दौरान महिप कपूर, भावना पांडे और नीलम कोठारी जैसी बॉलीवुड वाइव्स भी शो में नजर आईं। जब सीमा ने अपने डेटिंग पार्टनर विक्रम आहुजा का नाम लिया, तो इस पर शो में मौजूद अन्य बॉलीवुड पत्नियों ने मजाक भी किया। हालांकि, विक्रम का चेहरा शो में नहीं दिखाया गया। सीमा ने इस पर कहा कि जो लोग उन्हें जानते हैं, उन्हें उनकी प्रेम कहानी के बारे में पहले से ही जानकारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विक्रम वही शख्स हैं जिनके साथ सीमा की सगाई हुई थी, लेकिन बाद में उन्होंने सोहेल के साथ रिश्ते को प्राथमिकता दी थी। सीमा और सोहेल की शादी 1998 में हुई थी और साल 2022 में उनका तलाक हो गया। दोनों बेटों की मिलकर परवरिश कर रहे हैं। सीमा की उम्र 44 साल है, जबकि सोहेल 53 साल के हैं। बता दें कि नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा शो फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स का तीसरा सीजन दर्शकों के बीच खूब चर्चा में है। इस बार शो का नाम बदलकर फैबुलस वाइव्स बनाम बॉलीवुड वाइव्स रखा गया है, जिसमें दिल्ली और मुंबई की हाई प्रोफाइल पत्नियों की जिंदगी, उनकी संस्कृति, ड्रेसिंग स्टाइल और जीवनशैली पर विस्तार से फोकस किया गया है।

## तीन प्रमुख अभिनेत्रियों का पुराना वीडियो आया सामने



बॉलीवुड की तीन प्रमुख अभिनेत्रियाँ दिव्या भारती, रवीना टंडन, और आयशा जुल्का का एक पुराना वीडियो सामने आया है, जिसमें वे 1980 के दशक के अंत और 90 के दशक की शुरुआत में स्किन शो की अवधारणा पर चर्चा करती नजर आ रही हैं।

दिव्या भारती ने अपनी पहली फिल्म विश्वात्मा के दौरान बताया था कि उस समय उन्हें अपने रोल को प्रभावी बनाने के लिए खुद को एक्सपोज़ करने की जरूरत नहीं पड़ी। उन्होंने कहा, मेरे लिए उस फिल्म में जो भूमिका थी, वह बहुत ही अच्छी थी और मुझे खुद को एक्सपोज़ नहीं करना पड़ा।

भविष्य में इसके लिए कोई जरूरत नहीं पड़ेगी। दिव्या की यह बात उस समय के बॉलीवुड के दृष्टिकोण को दर्शाती है, जब अभिनेत्रियाँ फिल्म की कहानी और किरदार के आधार पर अपनी भूमिकाओं को चुनती थीं।

रवीना टंडन ने भी इस विषय पर खुलकर अपनी राय रखी और कहा, नहीं, शायद मैं समझौता नहीं करूंगी।

रवीना का यह जवाब इस बात को दर्शाता है कि वह अपनी भूमिकाओं को लेकर स्पष्ट थीं और कभी भी अपने किरदार के नाम पर खुद को एक्सपोज़ करने के पक्ष में नहीं थीं। आयशा जुल्का ने भी इस पर अपनी विचार साझा की और कहा, जहां तक एक्सपोज़ करने की बात है, तो मैं ऐसा नहीं करूंगी। मुझे नहीं लगता कि खुद को एक्सपोज़ करके किसी भूमिका को बेहतर बनाया जा सकता है। अगर भूमिका अच्छी है, तो वह अच्छी है।

आयशा ने यह भी कहा कि यदि भूमिका में कोई समझौता करना होता है, तो वह उस भूमिका को बेहतर तरीके से निभाने के लिए हो सकता है, न कि खुद को एक्सपोज़ करने के लिए।

इन तीनों अभिनेत्रियों का यह वीडियो उस समय के बॉलीवुड के नैतिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण को दिखाता है, जब स्किन शो और एक्सपोज़ को लेकर विभिन्न विचार थे। हालांकि, समय के साथ फिल्म उद्योग में बदलाव आया और ग्लोबल संस्कृतियों और कॉर्पोरेट संस्कृति के प्रभाव ने स्किन शो को एक सामान्य बात बना दिया। हाल के वर्षों में, बॉलीवुड में बोल्डनेस और नग्नता के बारे में सोच में बदलाव आया है।



## एक्ट्रेस साई पल्लवी के बड़े फैन हैं मणिरत्नम



मशहूर फिल्म निर्देशक मणिरत्नम ने हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान खुलासा किया कि वह साउथ की मशहूर एक्ट्रेस साई पल्लवी के बड़े फैन हैं और उनके साथ काम करने का सपना रखते हैं। मणिरत्नम ने यह बयान फिल्म अमरन के प्री-रिलीज इवेंट के दौरान दिया, जिसमें शिवकार्तिकेयन भी मौजूद थे। उन्होंने साई पल्लवी की एक्टिंग और डांसिंग स्किल्स की सराहना करते हुए कहा, मैं साई का सच में बहुत बड़ा फैन हूं। मुझे उम्मीद है कि एक दिन मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिलेगा। मणिरत्नम का यह बयान सुनकर साई पल्लवी ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जब भी वह किसी किरदार का चयन करती हैं, तो मणिरत्नम का नाम उनके मन में आता है। साई पल्लवी ने कहा, आप मेरी प्रेरणा रहे हैं, फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले भी मैंने मणिरत्नम का नाम सुना था। मणिरत्नम ने अपने लंबे करियर में कई सुपरहिट फिल्में दी हैं, जैसे पोन्नियिन सेल्वन, रोजा, बॉम्बे, दिल से, और गुरु। उनके काम की सराहना आज भी लोगों के बीच है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा अपनी फिल्मों में किरदारों और स्क्रिप्ट पर गहनता से विचार करते हैं, जिससे उन्हें अपनी फिल्मों में एक अलग पहचान बनाने में मदद मिली है। इसी इवेंट में मणिरत्नम ने शिवकार्तिकेयन की भी तारीफ की और कहा, कुछ अभिनेता अपने पहले डेब्यू के बाद ही बड़े हीरो बन जाते हैं, लेकिन ऐसे अभिनेता जैसे आप, सीढ़ी-दर-सीढ़ी चढ़कर यह मुकाम हासिल करते हैं। शिवकार्तिकेयन ने भी इस दौरान यह खुलासा किया कि, प्रेमम फिल्म में मलार का किरदार निभाने वाली साई पल्लवी को देखने के बाद वह भी उनके फैन बन गए थे।

## अपारशक्ति खुराना ने अपने अद्भुत अभिनय से चौंकाया

बहुमुखी प्रतिभा के धनी गायक और एक्टर अपारशक्ति खुराना ने एक बार फिर अपने अद्भुत अभिनय से दर्शकों को चौंका दिया है। ओटीटी फिल्म सीटीआरएल में एआई बॉट एलन के रूप में अपारशक्ति खुराना ने अपनी आवाज देकर एक नया आयाम प्रस्तुत किया। उनकी अभिनय क्षमता के एक नए पहलू को उजागर किया। सीटीआरएल फिल्म प्रौद्योगिकी के अत्यधिक उपयोग पर आधारित है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे एआई एक प्रभावशाली व्यक्ति की गोपनीयता को प्रभावित कर सकता है और उसके जीवन को मेनिपुलेट कर सकता है। फिल्म में अनन्या पांडे मुख्य भूमिका में हैं, जिनका किरदार एआई बॉट एलन के साथ बातचीत करता है, जिसकी आवाज अपारशक्ति खुराना ने दी है। फिल्म के निर्देशक विक्रमादित्य मोटवाने ने सोशल मीडिया पर अपारशक्ति की भूमिका को लेकर पोस्ट करते हुए लिखा, द सीक्रेट बाहर आ गया है। इसके बाद अपारशक्ति ने तुरंत अपनी सोशल मीडिया स्टोरी पर इस पोस्ट को दोबारा साझा करते हुए लिखा, हाहाहा हाँ। इस फिल्म में उनकी भूमिका ने दर्शकों को चौंकाया और यह साबित कर दिया कि अपारशक्ति अपनी प्रतिभा के हर पहलू में निपुण हैं। उनकी आवाज में एआई बॉट का सहज चित्रण ने उन्हें एक नई पहचान दिलाई और दर्शकों के बीच उनकी सराहना में वृद्धि की। हाल ही में अपारशक्ति अपनी फिल्म स्त्री 2 की सफलता का आनंद ले रहे हैं, और उनकी ओटीटी फिल्म बर्लिन को भी आलोचकों द्वारा बहुत सराहा गया है। बर्लिन में उनकी भूमिका ने उन्हें एक और सफल मंच पर साबित किया, जिसमें उनके अभिनय को व्यापक रूप से तारीफ मिली। अब वह जल्द ही बदतमीज़ गिल नाम की पारिवारिक फिल्म में दिखाई देंगे, जिसमें परेश रावल और वाणी कपूर जैसे बड़े कलाकार भी शामिल हैं। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा, अपारशक्ति फाइंडिंग राम नाम की डॉक्यूमेंट्री में भी नजर आएंगे, जो दर्शकों के लिए एक और नया अनुभव हो सकता है।



# सलारपुर में चला प्राधिकरण का बुलडोजर 50 करोड़ों कीमत की जमीन मुक्त कराई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण का अवैध निर्माण को लेकर अभियान जारी है। गुरुवार को प्राधिकरण की सर्किल-6 की टीम ने सलारपुर में करीब 50 करोड़ रुपए की जमीन को कब्जा मुक्त कराया। यहां बाउंडरी और टीम शेड लगाकर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। कुछ पक्का निर्माण भी कराया गया था। जिसे प्राधिकरण के बुलडोजर ने ध्वस्त किया।



अधिकारी ने बताया कि सलारपुर में खसरा नंबर- 595,596,597 और 598 करीब 5 हजार वर्गमीटर जमीन है। इस जमीन के चारो ओर बाउंडरी कराकर अवैध निर्माण किया जा रहा था। यहां प्लाटिंग कर लोगों को सस्ते प्लाट बेचने का काम हो रहा था। प्राधिकरण को जानकारी मिलने पर कार्यवाही की गई। इसके अलावा इसके आसपास भी कई स्थानों पर अवैध निर्माण हो रहा है। वहां अंतिम नोटिस चस्पा किया गया है। अवैध निर्माण हटाने को कहा गया है। यदि वे नहीं हटाते तो कानूनी कार्यवाही के साथ निर्माण को ध्वस्त किया जाएगा।बता दे प्राधिकरण ने जनवरी 2024 से अब तक करीब 1.93 लाख वर्गमीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस जमीन की लागत 1068 करोड़ रुपए आकी गई है। इसके अलावा अभियान निरंतर जारी है। ये जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित की गई है। यहां प्लानिंग और परियोजनाएं बनाई जानी है। इसके अलावा जमीन अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर अब तक 24 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। जबकि 118 मामलों में डीसीपी स्तर पर जांच की जा रही है।

# नशा तस्करों पर चला आपरेशन प्रहार

## 700 से अधिक स्थानों पर चलाया गया अभियान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्ध कमिश्नरेट पुलिस ने गुरूवार को नशीले पदार्थ और ड्रग्स बेचने वालों के खिलाफ बड़े स्तर पर ऑपरेशन प्रहार का दूसरा चरण शुरू किया गया। यह अभियान पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर तीनों जोन में डीएसपी के नेतृत्व में चलाया जा रहा है।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि युवा वर्ग को नशे के चंगुल से बचाने के लिए आज तीनों जोन के डीसीपी के नेतृत्व में 700 से अधिक चिन्हित जगहों पर ऑपरेशन प्रहार का दूसरा चरण शुरू हुआ। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन प्रहार में खास तौर पर स्कूल, कॉलेज व यूनिवर्सिटी के आसपास की दुकानों और अन्य स्थानों पर एक साथ रेड की जा रही है। इसके लिए 100 से अधिक पुलिस की टीम 700 से अधिक चिन्हित जगहों पर छापेमारी कर रही है।



सीपी ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार में 500 नागरिक पुलिस, 5 प्लाटून पीएसी, सीआरटी टीम, स्वाट टीम, एंटी नार्कोटिक्स टीम और कमांडोज को फील्ड में तैनात किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत पुलिस की टीम ड्रग्स सप्लायर डॉलर और पेडलर की पहचान कर रेड कर रही है।

# सेक्टर-30 में पहुंचा 'नोएडा आपके द्वार'

## प्राधिकरण अफसरों ने सुनी समस्याएं, समाधान का दिया आश्वासन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम. के निर्देश पर सेक्टर-30 में 'नोएडा आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों और प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें सेक्टर की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्राधिकरण की ओर से जल खंड-2 के वरिष्ठ प्रबंधक, वर्क सर्किल-2 के प्रबंधक और जन स्वास्थ्य-1 के प्रबंधक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




सेक्टर-30 आरडब्ल्यूए का प्रतिनिधित्व अध्यक्ष और महासचिव के साथ कई सेक्टरवासियों ने किया। निवासियों ने कुल 12 प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें उद्यान विभाग से संबंधित 5, सिविल कार्यों से जुड़ी 4, जल-सीवर की 2 और विद्युत-यांत्रिकी से संबंधित 1 मांग शामिल थी। उद्यान विभाग से संबंधित मांगों में डी-ब्लॉक पार्क के टूटे गेट की मरम्मत, खतरनाक पेड़ों की छंटाई और पार्कों की नियमित सफाई प्रमुख थीं।

सिविल कार्यों में सेक्टर के निवासियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने, टूटी नालियों की मरम्मत और सड़कों की मरम्मत की मांग की गई। विशेष रूप से 35 वर्ष पुरानी सीवर लाइन को बदलने की मांग पर गंभीरता से विचार किया गया। प्राधिकरण के अधिकारियों ने सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया। अनुरक्षण कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। नई मांगों के संबंध में सभी संबंधित विभागों को तीन सप्ताह के भीतर विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कूड़ा उठाने में लापरवाह एनजी एनवायरो को नोटिस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण द्वारा संविदा पर नियुक्त एजेंसियों द्वारा नौएडा क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा एकत्रित करने का कार्य किया जा रहा है। परन्तु इनके द्वारा विभिन्न सैक्टरों/ ग्रामों में पर्याप्त मात्रा में डोर-टू-डोर कलैक्शन वाहन तैनात न किये जाने के कारण सैक्टरों/ ग्रामवासियों द्वारा घरों का कूड़ा बाहर खुले स्थानों एवं सड़कों पर डाला जा रहा है। पूर्व में वाहनों की संख्या बढाते हुए पूर्ण रूप से कूड़ा कलेक्शन का कार्य करने हेतु निर्देशित करने के उपरांत भी कार्य मे शिथिलता बरती जा रही थी।

माह अक्टूबर 2024 में स्कोप ऑफ़ वर्क के अनुसार प्रतिदिन लगभग 17448 घरों से कूड़ा उठाने का कार्य नही किया जा गया जिसके कारण शहर में काफी गंदगी व्याप्त हुई। नौएडा क्षेत्र में ग्रामों से निकलने वाले कूड़े का संग्रहण भी ठीक ढंग से नहीं किया जा रहा था एवं आवश्यकतानुसार ग्रामों में गाड़ियाँ एवं रिक्शा भी कार्यशील नही किए गए जिस कारण ग्रामों के बाहर सड़कों पर काफी कूड़ा पड़ा रहा तथा उक्त स्थल GVP में परिवर्तित होने लगे हैं जिससे प्राधिकरण व शहर की छवि धूमिल हो रही है।

अतः अनुबन्ध में निहित नियम एवं शर्तों के अनुरूप कूड़ा कलेक्शन हेतु वाहनों की संख्या बढाते हुए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य करने के लिए मैसर्स एनजी एनवायरो को नोटिस निर्गत किया गया है ।

# सड़क पर खड़ा ट्रक जब्त

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-18 अंडरपास से जीआईपी पुलिस चौकी की तरफ जाने वाले मार्ग पर खराब खड़े ट्रक को यातायात पुलिस ने सीज कर दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ भी थाना सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज का किया है।

ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने साथी कर्मचारियों के साथ चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि सेक्टर-18 अंडरपास से जी आई पी पुलिस चौकी की तरफ जाने वाली सड़क के बीचों-बीच एक ट्रक खराब कर हुआ है। ट्रक के पास खड़े चालक ने अपना नाम आफताब बताया। आफताब ने बताया कि रात्रि में करीब 4:00 बजे के आसपास उसका ट्रक खराब हो गया था। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर के मुताबिक खराब खड़े ट्रक को हटाने के लिए ड्राइवर ने कोई प्रयास नहीं किया। उसकी लापरवाही की वजह से इस मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया और आमजन को काफी परेशानी उठानी पड़ी। ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक को सीज कर क्रेन की मदद से सेक्टर 62 में डी पार्क में खड़ा कराया। टी एस आई की शिकायत पर चालक के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया गया है।






# बकाया धनराशि का भुगतान न करने पर 6 बैंकों की 9 शाखाओं को नोटिस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के नौ प्रमुख बैंकों को बकाया राशि का भुगतान न करने के कारण नोटिस जारी किया है। सीईओ डॉ. लोकेश एम के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में कई सरकारी और निजी बैंक शामिल हैं। प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल भुगतान नहीं किया गया तो इन बैंकों के साथ वित्तीय लेन-देन प्रतिबंधित किया जा सकता है।




नोएडा प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बार-बार मांग और ओटीएस (One Time Settlement) योजना का लाभ दिए जाने के बावजूद इन बैंकों द्वारा अनुज्ञा राशि का भुगतान नहीं किया गया है। नोटिस प्राप्त करने वाले बैंकों में भारतीय स्टेट बैंक (सेक्टर-2), केनरा बैंक की दो शाखाएं (सेक्टर-6 और सेक्टर-18), पंजाब नेशनल बैंक की तीन शाखाएं (फेज-II, सेक्टर-20 और सेक्टर-18), बैंक ऑफ बड़ौदा (सेक्टर-18), यूको बैंक (सेक्टर-3) और इंडियन बैंक की नोएडा शाखा शामिल हैं।

अधिकारी ने बताया कि सभी बैंकों को पर्याप्त समय और अवसर दिया गया था। ओटीएस योजना के तहत विशेष छूट का प्रावधान भी किया गया था, लेकिन बैंकों की ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। उनका कहना है कि नोटिस भेजकर बैंकों को भुगतान के लिए आखिरी मौका दिया जाएगा। यदि इस दौरान भी भुगतान नहीं किया गया तो और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीईओ डॉ. लोकेश एम ने कहा कि यह कार्रवाई बकाया वसूली अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत सभी बकायेदारों से धनराशि की वसूली की जा रही है। इसलिए यह कड़ा कदम उठाना पड़ा है।

# ग्रैप नियमों का उल्लंघन करने पर 4 बिल्डर साइट पर लगा 10.75 लाख का जुर्माना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में प्राधिकरण की टीम ने गुरुवार को सेक्टर-128, 129 और 132 का निरीक्षण किया। यहां ग्रैप (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) नियमों का उल्लंघन पाया गया, जिसके चलते 4 बिल्डरों पर कुल 10.75 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना सात दिनों के भीतर जमा करना होगा, अन्यथा लीज डीड की शर्तों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

सर्किल-9 की टीम द्वारा किए गए इस औचक निरीक्षण में यह पाया गया कि निर्माण कार्य के दौरान बिल्डरों द्वारा नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा था। इसके अलावा, निर्माण



सामग्री को ग्रीन नेट से नहीं ढका गया था और खोदी गई मिट्टी का उचित निपटान नहीं किया गया, जिससे सड़क पर मिट्टी फैली हुई थी। इसके परिणामस्वरूप इस इलाके में लगातार धूल उड़ रही थी और स्थानीय एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) लेवल बढ़ गया था, जिससे आसपास के निवासियों को परेशानी हो रही थी।

प्राधिकरण ने सेक्टर-129 पर गौड़ बिल्डर्स से 5 लाख रुपये, सेक्टर-129 पर एसीई ग्रुप से 5 लाख रुपये, संस्थागत प्लॉट बी-25 सेक्टर-132 पर 50 हजार रुपये, महागुन, जेपी विशटाउन सेक्टर-128 पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।